(2) खंड (1) के उपखंडों (ii) में किसी बात के होते हुए भी यदि उक्त खंड (1) के उप-खंड (i) के अधीन एक विश्वविद्यालय शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी द्वारा दिए गए अभ्यावेदन पर, यदि कोई है, विचार करने के पश्चात किसी मामले में यह प्रस्तावना की जाती है कि वेतन-वृद्धियां रोक दी जाएं और वेतन-वृद्धियों के ऐसे रोक दिए जाने से कर्मचारी को देय वेतनअंश की रकम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभाव्य है या तीन वर्ष से अधिक की अवधि के लिए वेतन वृद्धियाँ रोक दी जाएं या किसी भी अवधि के लिए वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोक दी जाएं, तो कर्मचारी पर कोई भी ऐसी शास्ति अधिरोपित करने के लिए आदेश करने से पूर्व अध्यादेश 107 के खंड (3) से (23) तक में अभिकथित रीति में जाँच की जाएगी।

(3) उस विश्वविद्यालय शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी को जिस पर एक विनिर्दिष्ट समयावधि के लिए वेतनवृद्धि रोकने अथवा निम्न सेवा ग्रेड अथवा पद में पदावनत करने अथवा एक निम्न समय-स्केल अथवा समय-स्केल में एक नीचे के स्तर में रखने का शास्ति लगा दिया गया हो को शास्ति अधिरोपित किए जाने वाले आदेश के बाद की तारीख से लेकिन उस तारीख से पहले से जबसे आदेश अंतिम रूप से क्रियाशील हुआ हो, दूसरी सेवा, ग्रेड अथवा पद में स्थानांतरित अथवा पदस्थापित नहीं किया जाएगा, यदि इस प्रकार का कोई स्थानांतरण दण्डादेशों के परिणामस्वरूप अथवा पदस्थापन वेतन-मैट्रिक्स के उसके वर्तमान स्तर ग्रेड अथवा पद में उसे देय भुगतानों से उसे वेतन-मैट्रिक्स के उच्च स्तर के भुगतानों में परिणत करते हों तो।

(4) इस प्रकार के मामलों में कार्यवाही के अभिलेख में निम्न शामिल होंगे:-

(i) शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी को उसके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के प्रस्ताव की एक प्रति

(ii) अवचार एवं कदाचार के आरोपों के अधिरोपण के कथन की एक प्रति उसे प्रदान की जाएगी;

(iii) उसका प्रतिवेदन, यदि कोई हो तो;

(iv) जांच के दौरान प्रस्तुत किए गए साक्ष्य;

(v) अवचार या कदाचार के प्रत्येक अधिरोपण पर प्राप्त निष्कर्ष; तथा

(vi) मामले में जारी आदेश उनके कारणों सहित।

110. आदेशों की संसूचना.- अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा किए गए आदेश शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी को संसूचित किए जाएंगे साथ ही उसे आरोप के प्रत्येक ब्यौरे की बाबत अनुशासनिक प्राधिकारी के निष्कर्षों की एक प्रति, या जहां अनुशासनिक प्राधिकारी जांच प्राधिकारी नहीं है, वहां अनुशासनिक प्राधिकारी के निष्कर्षों का कथन तथा जाँच प्राधिकारी के निष्कर्षों से उसकी असमहति, यदि कोई हो, के संक्षिप्त कारण और जाँच प्राधिकारी के निष्कर्ष यदि वे उन्हें पहले नहीं दिए गए हों तो।

111. एक साथ कार्यवाही.- (1) जहां किसी मामले का संबंध दो या दो से अधिक शिक्षकों तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों से है, वहां कार्यकारी परिषद् अथवा अन्य कोई प्राधिकारी, जो सभी ऐसे सभी कर्मचारियों पर सेवा से पदच्युति की शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम हो, यह निदेश देते हुए आदेश दे सकेगा कि उन सबके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई एक साथ ही की जाए।

टिप्पण.- यदि ऐसे कर्मचारी पर पदच्युति की शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी भिन्न-भिन्न हैं, तो अनुशासनिक कार्रवाई एक ही कार्यवाही में करने के लिए आदेश, ऐसे प्राधिकारियों में से उच्चतम प्राधिकारी द्वारा, अन्य प्राधिकारियों की सहमति से किया जा सकेगा।

(2) अध्यादेश 106, के खंड (3) के उपाबंधों के अधीन रहते हुए, ऐसे किसी आदेश में निम्नलिखित बातें विनिर्दिष्ट की जाएंगी:-

(i) वह प्राधिकारी जो ऐसी एक ही कार्यवाही के प्रयोजन के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य कर सकेगा;

(ii) अध्यादेश 106 के खंड (1) में विनिर्दिष्ट शास्तियां, जो ऐसा अनुशासनिक प्राधिकारी अधिरोपित करने के लिए सक्षम होगा; और

(iii) क्या अध्यादेशों 107 एवं 108 में और विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का कार्यवाही में अनुसरण किया जाएगा।

112. कतिपय मामलों में विशेष प्रक्रिया:- अध्यादेशों 107 से 111 तक में किसी बात के होते हुए भी जहां

i. किसी शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी पर कोई शास्ति उसके ऐसे आचरण के आधार पर अधिरोपित की गई है जिसके लिए उसे आपराधिक आरोप पर दोषसिद्ध किया गया है; या

2. अनुशासनिक प्राधिकारी का उन कारणों से जो उस प्राधिकारी द्वारा लेखबद्ध किए जाएंगे, यह समाधान हो जाए कि इन अध्यादेशों में प्रदत्त रीति से कोई जांच करना युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य नहीं है, वहां अनुशासनिक प्राधिकारी उस मामले की परिस्थितियों पर विचार कर सकेगा और उस बाबत ऐसा आदेश कर सकेगा जैसे वह ठीक समझे:

परंतु कर्मचारी के विरूद्ध खंड (1) के अंतर्गत किसी मामले में कोई आदेश करने से पूर्व उसे प्रस्तावित शास्ति के लिए अभ्यावेदन करने का अवसर दिया जा सकता है:

113. बाहरी प्राधिकारी को उधार दिए गए शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी के संबंध में उपबंध- जहाँ एक कर्मचारी की सेवाएं एक बाहरी प्राधिकरण (इसके बाद इस अध्यादेश में तथा 114 में "लेनदार प्राधिकारी" के नाम से निर्दिष्ट) को उधार दी गई हो वहां पर उधार लेने वाले प्राधिकारी को इस कर्मचारी को निलंबित करने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की शक्तियां होंगी तथा अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करने के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी की शक्तियां प्राप्त होंगी:

परंतु लेनदार प्राधिकारी इसके बाद उस प्राधिकारी को शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी (अध्यादेश 113 एवं 114 में, "देनदार प्राधिकारी" के नाम से संदर्भित है) के विषय में निलंबन के आदेश की परिस्थितियों अथवा अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित किये जाने, जैसा भी मामला हो के लिए सूचित करेगा।

114. शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी के विरूद्ध संचालित की गई अनुशासनिक कार्यवाही में प्राप्त निष्कर्षों के प्रकाश में

(1) यदि लेनदार प्राधिकारी का राय है कि अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप-खंड (i) से (v) में विनिर्दिष्ट किसी दण्ड को कर्मचारी पर अधिरोपित किया जाना है तो वह देनदार प्राधिकारी के साथ विचार-विमर्श करके इस प्रकार का आदेश जैसा वह उचित समझे, जारी कर सकता है।

परंतु देनदार एवं लेनदार प्राधिकारियों के मध्य राय भिन्नता की स्थिति में कर्मचारियों की सेवा को देनदार प्राधिकारी को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

(2) यदि लेनदार प्राधिकारी की राय है कि अध्यादेश 106 के खंड (1) के उपखंडों (vi) से (x) में विनिर्दिष्ट शास्तियों मे से कोई शास्ति को शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी पर अधिरोपित की जानी चाहिए तो, वह उसकी सेवाओं को देनदार प्राधिकारी को स्थानांतरित करेगा और जांच की कार्यवाही इसे भेजेगा और फिर इस पर देनदार प्राधिकारी यदि यह अनुशासनिक प्राधिकारी है तो इस पर ऐसा आदेश पारित करेगा जैसा वह उचित समझे अथवा यदि वह अनुशासनिक प्राधिकारी नहीं है तो मामले को अनुशासनिक प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा जो इस पर जैसा भी उचित समझे उस प्रकार का आदेश पारित करेगा।

परंतु इस प्रकार का कोई आदेश पारित करने से पहले, अनुशासनिक प्राधिकारी अध्यादेश 108 के खंड (4) एवं (5) के उपाबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

स्पष्टीकरण:- अनुशासनिक प्राधिकारी इस खंड के अधीन लेनदार प्राधिकारी के द्वारा हस्तांतरित जांच का अथवा इससे आगे की जांच पूरी करने के बाद जैसा भी वह उचित समझे जहाँ तक संभव हो, अध्यादेश 107 के अनुक्रम में लिखित में आदेश कर सकता है।

115. प्राधिकरण से बाहर से उधार लिए गए व्यक्तियों के संबंध में प्रावधान:- (1) जहाँ एक ऐसे कर्मचारी के विरूद्ध जिसकी सेवाएं प्राधिकरण के बाहर से ली गई हैं, के विरूद्ध निलंबन का आदेश जारी किया गया है अथवा अनुशासनिक कार्यवाही संचालित की गई है, उसके देनदार प्राधिकारी को (इसके पश्चात अध्यादेश में "देनदार प्राधिकारी" के नाम से संदर्भित) इसके बाद शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी को निलंबन के आदेश तक ले जाने वाली परिस्थितियों अथवा अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ किए जाने के संबंध में, जैसा भी मामला हो, सूचित करेगा।

(2) शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी के विरूद्ध संचालित प्रशासनिक जांच के निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए, यदि अनुशासनिक प्राधिकारी का राय है कि अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप-खंड(i) से (v) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से किसी शास्ति का उस पर अधिरोपण किया जाना है, तो अध्यादेश 108 के खंड (4) के उपाबंधों के अधीन, देनदार प्राधिकारी के साथ विमर्श करके वह जैसा भी उचित समझे वैसा आदेश जारी कर सकता है।

परंतु लेनदार एवं देनदार प्राधिकारी के मध्य मतों की भिन्नता की स्थिति में, शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी की सेवाओं को देनदार प्राधिकारी के निपटान पर रखा जाएगा।

(3) यदि अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय है कि अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप-खंड(vi) से (x) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से किसी शास्ति को शिक्षक या गैर-शिक्षण कर्मचारी पर अधिरोपित किया जाना है तो यह कर्मचारी की सेवाओं को देनदार प्राधिकारी के निपटान पर स्थानांतरित करेगा तथा इसे जांच की कार्यवाही जैसा भी वह उचित समझे उस कार्यवाही के लिए स्थानांतरित करेगा।

भाग- 4

अपील एवं समीक्षा

116. आदेश जिनके विरूद्ध अपील नही होगी।

इस भाग में अंतर्निष्ट किसी बात के होते हुए भी, निम्नलिखित आदेशों के विरूद्ध कोई अपील नही होगी:-

(1) कार्यकारी परिषद् द्वारा किया गया कोई आदेश।

(2) अन्तर्वर्ती प्रकार का कोई आदेश या अनुशासनिक कार्रवाई के अंतिम निपटारे के सहायक कदम के स्वरूप का आदेश जो निलंबन आदेश से भिन्न हो।

(3) अध्यादेश 107 को किसी जांच के क्रम में जांच प्राधिकारी द्वारा पारित कोई आदेश।

117. आदेश जिनके विरूद्ध अपील हो सकेगी:- अध्यादेश 114 के खंड (1) के उपाबंध के अधीन, एक कर्मचारी निम्नलिखित में से किसी अथवा सभी के विरूद्ध अपील कर सकता है:

(1) इस अध्याय के भाग-I के अंतर्गत किया गया या समझा गया निलंबन का आदेश:

(2) अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप-खंड(i) से (v) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से किसी शास्ति को अधिरोपित करने वाला आदेश चाहे अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा किया गया हो अथवा अपील पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा:

(3) अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप खंडों(i) से (v) के अधीन अधिरोपित शास्ति में वृद्धि करने वाला कोई आदेश

(4) एक कोई आदेश जो:-

(i) नियमों द्वारा या करार द्वारा यथा विनियमित उसके वेतन, भत्तों, पेंशन या सेवा की अन्य शर्तों से उसे वंचित करता है या उसके अहित में उनमें फेरफार करता है।

(ii) किसी ऐसे नियम या करार के उपबंधों का उसके अहित में निर्वचन करता है,

(5) कोई आदेश जो:-

(i) उच्चतर सेवा प्रवर्ग या पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करते हुए उसे किसी निम्नतर सेवा, प्रवर्ग या पद पर शास्ति के रूप में उसे प्रतिवर्तित करता है।

(ii) अध्यादेशों के अधीन पेंशन कम करता है या उसे रोकता है या नियमों के अधीन अनुज्ञेय अधिकतम पेंशन से उसे वंचित करता है:

(iii) उसकी निलंबन की अवधि के लिए या उस अवधि के लिए जिसके दौरान उसे निलंबन के अधीन समझा जाता है या उसके किसी भाग के लिए उसे संदत्त किए जाने वाले निर्वाह और अन्य भत्ते अवधारित करता है।

(iv) निम्न के लिए उसके वेतन और भत्तों को अवधारित करता है-

(क) निलंबन अवधि के लिए: अथवा

(ख) सेवा से उसकी पदच्युति, हटाए जाने या अनिवार्य सेवा निवृति की तारीख से या किसी निम्नतर सेवा, प्रवर्ग पद, किसी समय वेतनमान या उसके निम्नतर प्रकृम में उसकी बहाली या पुनःस्थापन की तारीख तक की अवधि के लिए, अथवा

(ग) यह अवधारित करता है कि उसके निलंबन की तारीख से या उसकी पदच्युति, हटाए जाने, अनिवार्य सेवा निवृत्ति या निम्नतर सेवा, प्रवर्ग, पद समय-वेतनमान या उसके निम्नतर पदक्रम में उसकी प्रतिकूल की तारीख से उसकी सेवा, प्रवर्ग या पद पर उसकी बहाली या पुनःस्थापन की तारीख तक की अवधि किसी प्रयोजन के लिए कर्तव्य पर बिताई गई अवधि के रूप में मानी जाएगी या नही।

स्पष्टीकरण:- इस खंड के प्रयोजन के लिए:-

(क) "कर्मचारी" पद के अंतर्गत वह व्यक्ति है जो अब विश्वविद्यालय सेवा में नहीं रहा।

(ख) पेंशन पद के अंतर्गत अतिरिक्त पेंशन, उपादान और कई सेवानिवृत्ति फायदे शामिल है।

118. अपील प्राधिकारी:- (1) शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी, विश्वविद्यालय सेवा में रहे व्यक्ति सहित, अध्यादेश 117 में विनिर्दिष्ट सभी अथवा किसी आदेश के विरूद्ध अपील कर सकता है, विश्वविद्यालय के एक सामान्य अथवा विशेष आदेश के द्वारा इस ओर से अथवा जहां इस प्रकार का प्राधिकारी विनिर्दिष्ट न हो वहां निम्न को अपील कर सकेगा:-

(i) जहां अपील किए जाने का आदेश एक अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा किया गया हो वहां पर नियुक्ति प्राधिकारी को: अथवा

(ii) जहां पर इस प्रकार का आदेश किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा दिया गया हो तो वहां पर कार्यकारी परिषद् को:

(iii) इस अध्यादेश में विनिर्दिष्ट निम्नलिखित अन्य किसी बात के होते हुए भी:-

(क) अध्यादेश 111 के अधीन किसी एक ही कार्यवाही में किए गये किसी आदेश के विरूद्ध अपील उस प्राधिकारी को होगी जिसके सीधे अधीनस्थ वह प्राधिकारी है जो उस कार्यवाही के प्रयोजन के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है:

(ख) जहां वह व्यक्ति, जिसने अपीलाधीन आदेश किया हो, अपनी पश्चातवर्ती नियुक्ति के आधार पर या अन्यथा ऐसे आदेश की बाबत अपील प्राधिकारी हो जाता है, वहां ऐसे आदेश के विरूद्ध अपील उस प्राधिकारी को होगी जिसका ऐसा व्यक्ति सीधे अधीनस्थ है।

119. अपीलों का परिसीमा काल:- इस भाग के अधीन की गई कोई भी अपील तब तक ग्रहण नहीं की जाएगी जब तक कि ऐसी अपील

उस तारीख से, जिसको उस आदेश की जिसके विरूद्ध अपील की गई हो को अपीलार्थी को देने की तारीख से पैतालीस दिन के भीतर न दायर किया गया हो।

परंतु अपील प्राधिकारी उक्त अवधि के अवसान के पश्चात भी अपील ग्रहण कर सकेगा यदि उसकी यह समाधान हो जाती है कि समय के भीतर अपील न करने के लिए अपीलार्थी के पास पर्याप्त कारण था।

120. अपील का स्वरूप और उसकी विषय वस्तुः (1) अपील करने वाला प्रत्येक व्यक्ति पृथक रूप से और अपने नाम से अपील करेगा।

(2) अपील उस प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी जिसको अपील होती है। अपीलार्थी अपील की एक प्रति उस प्राधिकारी को भेजेगा जिसने वह आदेश किया है जिसके विरूद्ध अपील की गई है। अपील में वे सभी तात्विक कथन और तर्क होंगे जिन पर अपीलार्थी निर्भर करता है, उनमें अनादरपूर्ण या अनुचित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाएगा और वह स्वयं में पूर्ण होगी।

(3) वह प्राधिकारी, जिसने वह आदेश किया है जिसके विरूद्ध अपील की गई है, अपील की प्रति प्राप्त होने पर उसे, किसी परिहार्य विलंब के बिना और अपील प्राधिकारी से किसी निदेश की प्रतीक्षा किए बिना, अपील प्राधिकारी को, उस पर अपनी टिप्पण और सुसंगत अभिलेख सहित, भेज देगा।

121. अपील पर विचार

(1) निलंबन के किसी आदेश के विरूद्ध अपील की दशा में, अपील प्राधिकारी यह विचार करेगा कि इस अध्याय के भाग I के उपाबंधों को और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, निलंबन का आदेश न्यायोचित है या नहीं और तदनुसार आदेश की पुष्टि या उसका प्रतिसंहरण कर सकेगा।

(2) अध्यादेश 106 के खंड (1) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित करने वाले या उक्त खंड के अधीन अधिरोपित शास्ति में वृद्धि करने वाले किसी आदेश के विरूद्ध अपील की दशा में, अपील प्राधिकारी विचार करेगा किः-

(i) क्या अध्यादेश में अधिकांशतः क्रिया प्रणाली का पालन किया गया है अथवा नहीः

(ii) अनुशासित प्राधिकारी के निष्कर्ष लेखबद्ध साक्ष्य से समर्थित है या नहीः और

(iii) अधिरोपित या बढ़ाकर अधिरोपित शास्ति पर्याप्त, अपर्याप्त या कठोर है या नही।

और वह आदेश द्वारा

(iv) शास्ति को पुष्ट, वर्धित, कम या अपास्त करेगा,

(v) मामला उस प्राधिकारी को, जिसने शास्ति अधिरोपित या वर्धित की है अथवा किसी अन्य प्राधिकारी की ऐसे निदेश के साथ जो मामले की परिस्थितियों में वह उचित समझे, भेज देगा

परंतु-

(क) यदि वर्धित शास्ति, जिसे अपील प्राधिकारी अधिरोपित करने का प्रस्ताव करता है, अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप खंड (vi) से (x) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से एक है तथा मामले में अध्यादेश 107 की जांच पहले नहीं की गई है तो अपील प्राधिकारी, अध्यादेश 112 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, स्वंय जांच करेगा या निदेश देगा कि ऐसी जांच अध्यादेश 113 के उपबंधों के अधीन की जाए और उसके पश्चात वह ऐसी जांच की कार्यवाही पर विचार करके ऐसा आदेश करेगा जो वह ठीक समझे;

(ख) यदि वर्धित शास्ति, जिसे अपील प्राधिकारी अधिरोपित करने का प्रस्ताव करता है वह अध्यादेश 106 के खंड (1) के उप खंड (vi) से (x) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई है और मामले में अध्यादेश 107 के अधीन कोई जांच कर ली गई तो प्रस्तावित शास्ति के विरूद्ध अभ्यावेदन करने के लिए अपीलार्थी को उचित अवसर दिए जाने के बाद अपील प्राधिकारी ऐसा आदेश करेगा जो वह ठीक समझे, और

(ग) वर्धित शास्ति अधिरोपित करने वाला कोई आदेश किसी अन्य मामले में तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक कि अपीलार्थी को ऐसी वर्धित शास्ति के विरूद्ध अध्यादेश 109 के उपबंधों के क्रम मे अभ्यावेदन करने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

(3) अध्यादेश 117 में विनिर्दिष्ट किसी अन्य आदेश के विरूद्ध अपील में, अपील प्राधिकारी मामले की सभी परिस्थितियों पर विचार करेगा और ऐसा आदेश करेगा जो वह न्यायसंगत और साम्यपूर्ण समझे।

122. अपील में आदेशों का क्रियान्वयन करनाः-

वह प्राधिकारी जिसके आदेश के विरूद्ध अपील की गई है, अपील प्राधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों को प्रभावी करेगा।

123. इन अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट किसी बात के होते हुए भी कार्यकारी परिषद् अथवा अपील प्राधिकारी, आदेश संशोधित किये जाने की प्रस्तावित तारीख से छः महीने के अंदर किसी भी समय या तो अपने अथवा स्वप्रेण से अथवा अन्यथा किसी जांच से जिससे कि

अपील अनुज्ञात है लेकिन जिससे कोई अपील प्रस्तुत नहीं की गई है अथवा अज्ञात नही है अभिलेख की मांग कर सकता है और

(1) आदेश को पुष्ट, उपांतरण अथवा अपास्त कर सकेगा,

(2) आदेश द्वारा अधिरोपित शास्ति को पुष्ट, कम, वर्धित या अपास्त कर सकेगा या जहां कोई शास्ति अधिरोपित न की गई हो, वहां शास्ति अधिरोपित कर सकेगा, या

(3) मामला उस प्राधिकारी को, जिसने आदेश किया है या किसी अन्य प्राधिकारी को ऐसी अतिरिक्त जांच का निदेश देते हुए भेज सकेगा जो वह मामले की परिस्थितियों में उपयुक्त समझे, या

(4) ऐसे अन्य आदेश कर सकेगा जो वह ठीक समझे:

परंतु शास्ति अधिरोपित या वर्धित करने वाला कोई आदेश किसी पुनरीक्षक प्रधिकारी द्वारा तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बद्ध कर्मचारी को प्रस्थावित शास्ति के विरूद्ध अभ्यावेदन करने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो और जहां यह प्रस्ताव है कि अध्यादेश 106 के खंड (1) के उपखंडों (v)से (ix) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित की जाए या पुनरीक्षित किए जाने वाले आदेश द्वारा अधिरोपित शास्ति में वृद्धि करके उन खंण्डों में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित की जाए तथा इस मामले में अध्यादेश 107 के अधीन कोई जांच न की गई हो, वह भी अध्यादेश 112 के उपाबंधों के अधीन तथा संबंधित कर्मचारी को जांच के दौरान समर्थित साक्ष्यों पर प्रस्तावित शास्ति पर कारण बताने हेतु युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के बाद।

124. जब तक अपील के लिए समय समाप्त न हो जाए तब तक पुनरीक्षण की कोई प्रक्रिया अथवा अपील का निपटान, जहां पर ऐसी अपील प्रस्तुत की गई हो, प्रारंभ नही होगी।

125. पुनरीक्षण के आवेदन को उसी तरह के बर्ताव किया जाएगा जैसे कि यह अध्यादेश के अधीन यह एक अपील हो।

भाग 5

प्रकीर्ण

126. आदेशों, सूचनाओं, नोटिस आदि की तामील: इन अध्यादेशों के अधीन दिए गए या जारी किए गए प्रत्येक आदेश, सूचना और अन्य आर्देशिका की तामील संबंधित शिक्षक तथा गैर-शिक्षण कर्मचारी पर व्यक्तिगत रूप से की जाएगी या वह उसे रजस्ट्रीकृत डाक से संसूचित की जाएगी।

127. समय-परिसीमा को शिथिल करने और विलंब को माफ करने की शक्ति:- इन अध्यादेशों में अभिव्यक्त रूप से जैसे उपबंधित है, उसके सिवाय वह प्राधिकारी, जो इन अध्यादेशों के अधीन आदेश करने के लिए सक्षम है, अच्छे और पर्याप्त कारणों से या पर्याप्त कारण से दर्शित कर दिए जाने पर, इन अध्यादेशों के अधीन किए जाने के लिए अपेक्षित किसी बात के लिए इन अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट समय को विस्तारित कर सकेगा या विलंब को माफ कर सकेगा।

128. भारत सरकार के नियमों अथवा निर्देशों की प्रयोज्यता: यदि इन अध्यादेशों में कोई विशेष उपाबंध नहीं बनाया गया है तो संबंधित विषय पर भारत सरकार के नियम अथवा निर्देश लागू होंगे।

अध्याय- 6

गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए पद सृजन

129. (1) विभिन्न संवर्गों जैसे कि प्रशासन, अनुसचिवीय एवं अन्य विभिन्न संवर्गो के लिए पदों का सृजन इस अध्यादेश के उपाबंधों के अनुसार होगा।

(2) गैर-शैक्षणिक कर्मचारिवृंद के सृजित किए जाने वाले पदों की संख्या की विश्वविद्यालय की संस्तुति को अनुमोदन के लिए वित्त समिति को प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) वित्त समिति को इस प्रस्ताव को रद्द अथवा इसके प्रारूप के एक भाग को अथवा इसे पूर्णरूपेण पुन: इस विचार करने ऐसे किन्हीं संशोधन के साथ जो वित्त समिति प्रस्तावित करती है सहित वापस करने की शक्ति होगी।

4. वित्त समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव को विश्वविद्यालय द्वारा कार्यकारी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा कार्यकारी समिति के अनुमोदन के तुरंत बाद से ही यह प्रभावी हो जाएगा।

अध्याय 7

गैर-शिक्षण कर्मचारियों हेतु चयन प्रक्रिया

130.

(1) गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए गठित चयन समिति द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया अथवा मानक

इस अध्यादेश के उपाबंधों के अनुसार होंगे।

(2) 2 अध्यक्ष, चयन समिति की बैठक में राय देने का हकदार होगा तथा टाई की स्थिति में उनके पास निर्णायक मत होगा।

(3) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 9 एवं ऊपर के पदों के संबंध में चयन समिति कीसिफारिशों को कार्यकारी परिषद् को प्रस्तुत किया जाएगा तथा नियुक्ति के आदेशों को कार्यकारी परिषद् की अनुज्ञा के बाद ही जारी किया जाएगा।

(4) वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 से 9 तथा 1 से 5 के पदों में कुलपति चयन समिति की संस्तुतियों पर नियुक्तियों के लिए प्राधिकृत किए जा सकेंगे।

(5) आरक्षित प्रवर्गों के संबंध में अपनाए जाने वाले नियम और प्रक्रिया परिनियम खंड 7 में दिए गए अनुसार तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित यथाविहित किए अनुसार होगी।

(6) वेतन एंव भत्तों, छुट्टियों, पेंशन तथा भविष्य निधि के संबंध में भारत सरकार के नियमों का पालन किया जाएगा।

(7) चयन समिति साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने का अपना पद्धति निर्णय कर सकेगी।

(8) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों का चयन हुआ है तो संस्तुतियां अभ्यर्थियों की गुणागुण के आधार पर की जाएगी।

(9) सशर्त कोई भी संस्तुति नहीं की जानी चाहिए।

(10) सभी पदों के असाधारण मामलों में छानबीन और चयन समिति की संस्तुतियों पर किसी अर्हताएं, अनुभव, आयु आदि में शिथिल प्रदान करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।

(11) अनुसूचित जाति, अथवा अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, दिव्यांग आदि अभ्यर्थियों को आयु एवं शैक्षणिक योग्यता में शिथिल भारत सरकार के नियमों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

(12) यदि किसी अभ्यर्थी को चयन समिति द्वारा नियुक्ति के लिए शैक्षिक योग्यता आयु आदि से संबंधित विनिर्दिष्ट शर्तों में छूट के साथ नियुक्ति हेतु संस्तुत किया जाता है तो उसे अभिकथितानुसार लेखबद्ध किया जाएगा।

(13) यदि चयन समिति वेतन मैट्रिक्स एक उच्च प्रारंभिक स्तर को संस्तुत करना अथवा एक चयनित अभ्यर्थी को एक अग्रिम वेतनवृद्धि प्रस्तावित करना उचित समझती है तो वह इसका कारण बताते हुए ऐसा कर सकती है।

(14) विज्ञापित पदों की संख्या को अनंतिम समझा जाएगा तथा विश्वविद्यालय को किसी भी समय पदों को घटाने अथवा बढ़ाने तथा तदनुसार नियुक्तियां करने का अधिकार प्राप्त होगा।

(15) विहित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव न्यूनतम होंगे तथा किसी अभ्यर्थी का मत इनको धारण करने से अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा।

(16) विश्वविद्यालय के पास शैक्षणिक अर्हताओं तथा न्यूनतम निर्धारित अनुभव से अधिक अथवा किसी अन्य ऐसी शर्त जिसे वह उचित समझे के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाए जाने के लिए उचित संख्या (10:1) में बुलाने का अधिकार होगा।

(17) सेवारत अभ्यर्थियों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा।

(18) चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर सेवारत अभ्यर्थियों के लिए आयु एवं अनुभव की शर्तों में शिथिल प्रदान की जाएगी।

(19) साक्षात्कार में बाहर से बुलाए जाने वाले अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति प्रवर्गों के अभ्यर्थियों को यात्रा के खर्च के निमित्त साक्ष्य प्रस्तुत करने पर द्वितीय प्रवर्ग के रेल किराए के बराबर धनराशि का भुगतान किया जाएगा।

(20) किसी ऐसे अभ्यर्थी के द्वारा किसी भी रूप में वाद-विवाद करना उसे निरहित घोषित कर देगा।

(21) चयन समिति की संस्तुतियां अनुमोदित हो जाने पर इस प्रकार के अनुमोदन से एक वर्ष की समयावधि के लिए विधिमान्य रहेगी।

(22) विभिन्न पदों के लिए निर्धारित प्रारूपों विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे तथा वहां से नि:शुल्क डाउनलोड किए जा सकते हैं।

(23) विश्वविद्यालय के विरुद्ध किसी विवाद, मुकदमें अथवा विधिक कार्यवाहियों के मामले लखनऊ न्यायालयों के

अधिकार क्षेत्र तक सीमित होंगे।

131. चयन समितियों की संरचना

सीधी भर्ती द्वारा गैर-शैक्षणिक पदों पर चयन के लिए चयन/पुष्टिकरण समिति की संरचना	
चयन/पुष्टिकरण समिति:- वेतन मैट्रिक्स में स्तर 9 एवं उससे ऊपर के पद क. (कानूनी के अलावा) पद	
1	कुलपति अध्यक्ष -अध्यक्ष
2	रजिस्ट्रार -सदस्य
3	विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष अथवा संबंधित अनुभाग के प्रमुख सदस्य -सदस्य
4	कुलपति द्वारा नामित कार्यकारी समिति का एक सदस्य -सदस्य
5	विश्वविद्यालय की सेवा से बाहर के दो विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा नामित हो सदस्य -सदस्य
6	कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति, जो एक महिला एक अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग तथा एक अल्पसंख्यक समुदाय सदस्य, यदि इस पद के लिए उपस्थित होनेवाला कोई अभ्यर्थी उक्त प्रवर्गों से हो तथा यदि अन्य सदस्यों मे से कोई भी इन प्रवर्गों से न हो तो -सदस्य
7	नागर विमान मंत्रालय, द्वारा नामित किया गया नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार का एक सदस्य -सदस्य

रजिस्ट्रार के चयन अथवा पुष्टिकरण के मामले में रजिस्ट्रार समिति के सदस्य नहीं होंगे।

ख. चयन अथवा पुष्टिकरण समिति:- वेतन मैट्रिक के स्तर 1 से 8 के पदों के लिए	
1	रजिस्ट्रार -अध्यक्ष
2	उप रजिस्ट्रार -सदस्य
3	कुलपति द्वारा नामित कार्यकारी समिति का एक सदस्य -सदस्य
4	कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति, जो एक महिला है, एक अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग तथा एक अल्पसंख्यक समुदाय सदस्य, यदि इस पद के लिए उपस्थित होनेवाला कोई अभ्यर्थी उक्त प्रवर्गों से हो तथा यदि अन्य सदस्यों में से कोई भी इन प्रवर्गों से न हो तो -सदस्य
5	नागर विमान मंत्रालय, द्वारा नामित किया गया नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार का एक सदस्य -सदस्य

गैर-शिक्षण पदों में प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना	
ग. विभागीय प्रोन्नति समिति- वेतन मैट्रिक्स के स्तर 9 एवं उससे उपर पद (सांविधिक को छोड़कर)	
1	कुलपति -अध्यक्ष
2	रजिस्ट्रार -सदस्य
3	विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष अथवा संबंधित अनुभाग के प्रमुख -सदस्य
4	कुलपति द्वारा नामित कार्यकारी समिति का एक सदस्य -सदस्य

5	विश्वविद्यालय सेवा से बाहर के दो व्यक्ति, कुलपति द्वारा नामित, जिनमें से एक महिला है, एक अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग से तथा एक अल्पसंख्यक समुदाय सदस्य, यदि इस पद के लिए उपस्थित होने वाला कोई अभ्यर्थी उक्त प्रवर्गों से हो तथा यदि अन्य सदस्यों में से कोई भी इन प्रवर्गों से न हो तो -सदस्य

घ. विभागीय प्रोन्नति समिति- वेतन मैट्रिक्स के स्तर 1 से 8 के पदों के लिए	
1	रजिस्ट्रार -अध्यक्ष
2	विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष अथवा संबंधित अनुभाग के प्रमुख -सदस्य
3	उप रजिस्ट्रार -सदस्य
4	विश्वविद्यालय सेवा से बाहर के दो व्यक्ति, कुलपति द्वारा नामित, जिनमें से एक महिला है, एकअनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग से तथा एकअल्पसंख्यक समुदाय सदस्य, यदि इस पद के लिए उपस्थित होने वाला कोई अभ्यर्थी उक्त प्रवर्गों से हो तथा यदि अन्य सदस्यों में से कोई भी इन प्रवर्गों से न हो तो -सदस्य

खंड-8

शिक्षकों के पदों का सृजन

132. विश्वविद्यालय अपने विचार के लिए अकादमिक परिषद् के शिक्षकों के लिए पद के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

133. अकादमिक परिषद् के पास प्रस्ताव को अस्वीकार करने या विश्वविद्यालय को फिर से विचार के लिए प्रस्ताव को वापस करने की शक्ति होगी, या तो पूरे या आंशिक रूप से, किसी भी संशोधन के साथ जो अकादमिक परिषद् सुझाव दे सकेगी।

134. एक बार अकादमिक परिषद् द्वारा प्रस्ताव पर विचार करने के बाद, विश्वविद्यालय द्वारा इसे वित्त परीक्षा के लिए समिति को प्रस्तुत किया जाएगा।

135. वित्त समिति के पास प्रस्ताव को पूरे या आंशिक रूप से,अस्वीकार करने या विश्वविद्यालय को पुन:विचार के लिए किसी भी संशोधन के साथ प्रस्ताव को वापस करने की शक्ति होगी, जो वित्त समिति सुझाव दे सकेगी।

136. जैसे ही वित्त समिति द्वारा अकादमिक कर्मचारीवृंद के निर्माण का प्रस्ताव कार्यकारी परिषद् के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा और वह तत्काल प्रभाव से कार्यकारी परिषद् के अनुमोदन पर लागू होगा।

अध्याय 9

शिक्षकों के लिए चयन प्रक्रिया

137. आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, के पदों पर नियुक्तियों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय प्रथम परिनियम, 2016 की धारा 21 के खंड (2) के अंतर्गत चयन समिति द्वारा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया या मानदंडों का पालन इस अध्यादेश के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

138. सभी को समान अवसर देने के लिए, विश्वविद्यालय सभी योग्य अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए कम से कम तीस दिन का समय देकर प्रमुख राष्ट्रीय दैनिकों में अखिल भारतीय आधार पर सभी रिक्तियों का विज्ञापन देगा।

139. सबसे प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को आकर्षित करने के लिए, विश्वविद्यालय रोलिंग विज्ञापन का विकल्प भी चुन सकता है, जिसके तहत पात्र अभ्यर्थी वर्ष भर विभिन्न संकाय पदों के लिए अपने आवेदन जमा कर सकते हैं, और छानबीन समिति की बैठक से कम से कम तीस दिन पहले प्राप्त सभी आवेदनों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

140. विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित पदों की संख्या को अस्थायी समझा जा सकता है और चयन के समय विश्वविद्यालय को पदों की संख्या बढ़ाने या घटाने और तदनुसार नियुक्ति करने का अधिकार होगा।

141. विभिन्न पदों के लिए विहित आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे और इन्हें मुफ्त डाउनलोड किया जा सकता है।

142. आवेदक जो पहले से ही सेवा या नियोजन में हैं, उन्हें उचित चैनल के माध्यम से आवेदन करने की अपेक्षित होगा, तथापि, वह अपने आवेदन की एक अग्रिम प्रति विश्वविद्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं।

143. नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र और सतर्कता संस्वीकृति प्रमाण पत्र के साथ सम्यक रूप से अग्रेषित आवेदन पत्र, अधिमानतः, साक्षात्कार की तारीख से कम से कम दस दिन पहले विश्वविद्यालय तक पहुंचना चाहिए, या साक्षात्कार के दिन प्रस्तुत करने पर विफल हो सकता है जिसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

144. आवेदकों को उनकी शैक्षिक अर्हताएं, कार्य अनुभव, अनुसंधान और प्रकाशनों के समर्थन में सभी संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों को संलग्न करने की अपेक्षित होगा, जो उन्हें साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

145. न्यूनतम अर्हताएं और अन्य नियमों और शर्तों के संबंध में नियम और शर्तें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर विहित की जाएगी और उपरोक्त के अलावा, विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् को विनिर्दिष्ट कर सकता है जैसे कि विनिर्देश या कोई अन्य शर्त पद भरने के लिए अपेक्षित है।

146. तथ्य यह है कि एक अभ्यर्थी के न्यूनतम विहित योग्यता और अनुभव होने पर भी, उसे बुलाया नहीं जा सकता और विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह इस प्रयोजन के लिए विनियमों के अनुसार गठित छान-बीन समिति की सिफ़ारिशों के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को न्यूनतम निर्धारित से अधिक अर्हता और अनुभव या किसी अन्य कारण, जो उपयुक्त समझा जाए, के आधार पर सीमित कर सकती है।

147. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता या महंगाई भत्ता स्थानीय परिवहन का संदत्त नहीं किया जाएगा।

148. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति प्रवर्गों से संबंधित बाहरी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, तथापि, उनकी यात्रा के सबूत के रूप में टिकट प्रस्तुत करने पर उनके यात्रा व्यय के लिए वापसी एकल द्वितीय प्रवर्ग रेलवे किराया के बराबर भुगतान किया जाएगा।

149. किसी भी रूप में अभ्यर्थी द्वारा स्वयं या किसी भी अभ्यर्थी की ओर से पक्ष प्रचार करना अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित करेगा।

150. राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय प्रथम परिनियम -2016 के नियम 21 के उप-नियम (2) के अनुसार विधिवत रूप से चयनित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर आचार्यों, संबन्धित आचार्यों और सहायक आचार्यों के पद पर नियुक्ति अखिल भारतीय आधार पर की जाएगी। ।

151. चयन समिति आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में भारत सरकार द्वारा विहित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करेगी।

152. चयन समिति की बैठक पूर्व परामर्शदाता के साथ नियत की जाएगी, और कार्यकारी परिषद् द्वारा नामित कुलाध्यक्ष के नामित और विशेषज्ञों की सुविधा के शर्त पर होगी और विश्वविद्यालय की ओर से अध्यक्ष अधिकतम दस दिन पहले बैठक का समय और स्थान बताते हुए, प्रत्येक सदस्य को अधिसूचना जारी करेगा।

153. चयन समिति, आचार्य या सह-आचार्य के पद के लिए एक अभ्यर्थी पर विचार करने के बाद, यदि ऐसा राय हो, तो वह अगले निम्न पद के लिए उपयुक्त विकल्प होगा, ऐसी सिफारिश कर सकता है।

154. चयन समिति के समक्ष भविष्य की घटित होने वाली घटना से जुड़ी स्थिति (परिस्थितियों) के साथ नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की सिफारिश करने की कोई शक्ति नहीं होगी।

155. चयन समिति की सिफारिशों को कार्यकारी परिषद् को प्रस्तुत किया जाएगा और नियुक्ति के आदेश राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमों, 2016 के 14 के खंड 2 के उप-खंड (ii) के अनुसार कार्यकारी परिषद् की मंजूरी के बाद जारी किए जाएंगे।

156. यदि दो या दो से अधिक व्यक्तियों का चयन एक ही तारीख पर और एक ही चयन समिति द्वारा किया जाता है, तो चयन समिति को सेवा में वरिष्ठता विहित करने के प्रयोजन से चयनित अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में वरिष्ठता निर्दिष्ट करने का अधिकार होगा।

157. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग या विकलांग प्रवर्गों वाले व्यक्तियों के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित आयु, न्यूनतम अर्हता, अनुभव में छूट आदि से संबंधित कानूनी उपबंध उन पर लागू होंगे।

158. यदि किसी भी अभ्यर्थी को अर्हता, आयु, अनुभव आदि से संबंधित निर्धारित शर्तों में से किसी में छूट के लिए नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा सिफारिश की जाती है, तो उसे उचित ठहराने वाले कारणों को चयन समिति की कार्यवाही में सम्यक रूप से दर्ज करना होगा।

159. चयनित अभ्यर्थी को अतिरिक्त वेतन वृद्धि की सिफारिश करते हुए, चयन समिति भारत सरकार के नियमों के अनुसार अतिरिक्त या अग्रिम वेतन वृद्धि से संबंधित नियमों का पालन करेगी।

160. इसके अतिरिक्त, जब चयन समिति एक चयनित अभ्यर्थी को प्रस्तुत किए जाने वाले उच्च प्रारंभिक वेतन या अग्रिम वेतन वृद्धि की सिफारिश करने के लिए उपयुक्त समझती है, तो चयन के कार्यवाही में सम्यक रूप से दर्ज किए जाने के कारणों को उचित ठहराया जाना चाहिए।

161. चयन समिति की सिफारिशें, यदि कार्यकारी परिषद् द्वारा अनुमोदित की जाती हैं, तो ऐसी स्वीकृति की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए विधिक परिनियमों की रहेगी।

162. राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय प्रथम परिनियमयों, 2016 के नियम 22 के अनुसार, इस अध्यादेश में अंतर्विष्ट किसी बात होते हुए या, यह कार्यकारी परिषद् के लिए अधिकार क्षेत्र में होगा कि वह आचार्य, संबन्धित आचार्य या उपाचार्य या विश्वविद्यालय में किसी अन्य समकक्ष शैक्षणिक पद पर विशिष्ट उच्च शैक्षणिक और वृतिक योग्यता के उपयुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति प्रदान करे। ।

163. किसी भी विवाद के मामलों में विश्वविद्यालय के विरुद्ध कोई भी विवाद या कानूनी कार्यवाही, लखनऊ में न्यायालयों के लिए क्षेत्राधिकार प्रतिबंधित होगा।

अध्याय-10

विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए भर्ती प्रक्रिया

164. चयन समितियों की संरचना—

प्रत्यक्ष भर्ती पद्धति द्वारा शिक्षण पद के लिए चयन / चयन समिति के गठन की संरचना (राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय प्रथम परिनियम, 2016 के परिनियमों 21 का खंड 2		
क. चयन या पुष्टि समिति – आचार्य के लिए		
1. कुलपति	-	अध्यक्ष
2. विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष या संबंधित अनुभाग के प्रमुख	-	सदस्य;
3. अनुभाग के प्रमुख	-	सदस्य और
4. कार्यकारी परिषद् द्वारा नामांकित तीन व्यक्ति विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं थे, अकादमिक परिषद् द्वारा उनके विशेष ज्ञान, या उस विषय में रुचि के लिए सुझाए गए नामों के एक पैनल से बाहर आचार्य संबद्ध होंगे		-सदस्य

ख. चयन या पुष्टि समिति संबंधित या सहबद्ध आचार्य के लिए		
1. कुलपति	-	अध्यक्ष
2. विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष या संबंधित अनुभाग के प्रमुख	-	सदस्य;
3. कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति	-	सदस्य और
4. कार्यकारी परिषद् द्वारा नामांकित दो व्यक्ति विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं थे,अकादमिक परिषद् द्वारा उनके विशेष ज्ञान, या उस विषय में रुचि के लिए सुझाए गए नामों के एक पैनल से बाहर संबंधित या सहायक आचार्य संबद्ध होंगे	-	सदस्य

(2) शिक्षक की प्रोन्नति — विश्वविद्यालय में शिक्षकों की प्रोन्नति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्थापित सनियमों / वृत्ति उन्नयन स्कीम के अनुसार होगी।

अध्याय 11

पुस्कालयाध्यक्ष की परिलब्धियां,सेवा के नियम और शर्तें

165. इस कार्य के लिए गठित चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर पुस्तकालयाध्यक्ष कार्यकारी परिषद् द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा, जिसे कार्यकारी परिषद् द्वारा समय-समय पर अपनाए जाने वाले वेतन मैट्रिक्स के स्तर पर रखा जाएगा:

166. पुस्तकालयाध्यक्ष पांच साल की अवधि के लिए या साठ वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, के लिए पद धारण करेगा।

167. जब पुस्तकालयाध्यक्ष का कार्यालय खाली हो या जब पुस्तकालयाध्यक्ष बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से, अपने कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो, तो कार्यालय के कर्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे कुलपति उस प्रयोजन के लिए नियुक्त कर सकते हैं।

168. यदि पुस्तकालयाध्यक्ष को सरकार या किसी अन्य सरकारी संगठन या विश्वविद्यालय या संस्थान से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाता है, तो उसकी सेवा के नियम और शर्तों को भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति नियमों द्वारा शासित किया जाएगा:

परंतु कि कुलपति की सिफारिशों पर कार्यकारी परिषद् द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त को नियत अवधि से पहले प्रत्यावासित किया जा सकता है।

169. जहां इस विश्वविद्यालय या किसी अन्य संस्थान या सरकार और उसके संगठनों के एक कर्मचारी को पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है, वह सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं (अर्थात् सामान्य भविष्य निधि या अंशदायी भविष्य निधि या पेंशन या ग्रेच्युटी) का अधिकार जारी रखेगा, जिसके लिए वह पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले हकदार था और जब तक वह इस पद पर अपने धारणाधिकार को जारी रखता है।

170. पुस्तकालयाध्यक्ष असज्जित आवासीय आवास का हकदार होगा, जिसके लिए वह आवास की प्रवर्ग के अनुसार निर्धारित अनुज्ञापित फीस का भुगतान करेगा।

171. पुस्तकालयाध्यक्ष की सेवा, अवकाश, भत्ते, भविष्य निधि और अन्य सेवान्त प्रसुविधाएं के नियम और शर्तें समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएंगी।

172. परिनियम, कानूनी और अध्यादेश के उपाबंध के अधीन, पुस्तकालयाध्यक्ष इस तरह के कर्तव्यों और कार्यों को निष्पादित करेगा जैसा कि कार्यकारी परिषद् या उप-कुलपति द्वारा समय-समय पर उसे समनुदेशित किया जा सकता है।

अध्याय 12

छात्रों का प्रवेश और नामांकन

भाग I

प्रवेश

173. प्रवेश से संबंधित सामान्य नियम— (1) विश्वविद्यालय में सभी लिंग, जाति, पंथ, प्रवर्ग या वर्ग के व्यक्ति प्रवेश ले सकते हैं और विश्वविद्यालय के लिए यह विधिपूर्ण नहीं होगा कि वह किसी भी व्यक्ति को विश्वविद्यालय में एक छात्र के रूप में प्रवेश लेने या उस समय स्नातक की डिग्री प्राप्त करने या उसके बाद या किसी भी विशेषाधिकार का आनंद लेने या अन्य गतिविधि में भाग लेने के लिए छात्र पर किसी प्रकार धार्मिक विश्वास या पेशे के किसी भी परीक्षण को अपनाने या लागू करने के लिए बाध्य करे।

(2) विश्वविद्यालय एक अखिल भारतीय पहुँच और शिक्षण और अनुसंधान के उच्च मानकों को बनाए रखेगा और समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय स्तर के चयन मानदंडों के माध्यम से निर्धारित योग्यता के आधार पर छात्रों को कड़ाई से प्रवेश देगा।

(3) चयन मानदंड का प्रयोजन उच्च अध्ययन करने के लिए छात्र के ज्ञान, समझ और योग्यता का आकलन करना होगा और अभ्यर्थियों की अर्हता लिखित परीक्षा, पिछले शैक्षणिक प्रदर्शन, मौखिक परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर एक प्राप्तांक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएगी।

(4) ऐसे अभ्यर्थियों का प्रवेश जो विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थान या बोर्ड से उनके प्रमाण पत्र या डिप्लोमा या डिग्री या स्नातकोत्तर डिग्री के तीन या अधिक शैक्षणिक वर्षों के अंतराल होने के बाद विश्वविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, उन्हें प्रवेश समिति जिनमे छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष, संबन्धित विद्यापीठों का संकायाध्यक्ष,विभागाध्यक्षऔर कुलानुशासक (प्रॉक्टर) सम्मिलित हैं,द्वारा जारी संस्वीकृति देना होगा।

(5) विश्वविद्यालय में अध्ययन के पूर्णकालिक पाठ्यक्रम का पालन करने वाले किसी भी छात्र को विश्वविद्यालय के लिखित में पूर्व अनुज्ञा के बिना नौकरी करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी:

परंतु इस खंड के अंतर्गत छात्र को अनिवार्य या वैकल्पिक कार्य व्यवस्था से निषिद्ध, बहिष्कृत या मुक्त नहीं किया जाता, यदि वह उस अध्ययन के पाठ्यक्रम को पूरा करता है जिसमें उसने प्रवेश लिया है, यदि अपेक्षित हो:

परंतु यह और कि, प्रवेश के समय के पहले से ही नियोजित व्यक्ति, इस अवधि के दौरान जो विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया जा सकता है, मूल रूप में, अपने नियोक्ता से इस आशय का प्रमाण पत्र कि नियोक्ता ने उसे विश्वविद्यालय में अध्ययन के पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए अध्ययन की पूरी अवधि के लिए छुट्टी दे दिया है, प्रस्तुत करना होगा।

(6) विश्वविद्यालय में अध्ययन के पूर्णकालिक पाठ्यक्रम का अनुसरण करने वाले किसी भी छात्र को विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय या शिक्षा संस्थान या बोर्ड के किसी अन्य डिग्री के लिए कोई अन्य नियमित परीक्षा देने की अनुज्ञा नहीं होगी:

परंतु कोई छात्र विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थान या बोर्ड से एकही समय पर जीविका उन्मुख प्रवीणता या प्रमाण पत्र या डिप्लोमा कार्यक्रमों के तहत कोई भी कोर्स कर सकता है।

(7) चयनित अभ्यर्थी की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.rgnau.ac.in) और परीक्षा नियंत्रक और संबंधित विभाग के नोटिस बोर्डों पर प्रदर्शित की जाएगी और चयनित अभ्यर्थियों को कोई सूचना डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी।

(8) अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा विहित तारीख के भीतर अपना प्रवेश पूरा करना होगा।

(9) प्रवेश प्रोस्पेक्टस में जारी किए गए प्रवेश-अधिसूचना के जवाब में प्राप्त आवेदन के आधार पर होगा और वे केवल उन अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे जो अध्ययन के पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

(10) एक अभ्यर्थी को अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रविष्ट समझा जाएगा और प्रोस्पेक्टस के अनुसार प्रवेश फीस के भुगतान सहित सभी प्रवेश औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही एक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के छात्र के विशेषाधिकारों का लाभ उठाने के लिए पात्र होगा और, यदि, एक अभ्यर्थी विहित तारीख के भीतर प्रवेश औपचारिकताओं को पूरा करने में विफल रहता है, तो वह प्रवेश के अपने अधिकार को स्वचालित रूप से रोक देगा।

(11) चयनित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के अनुदेशों के अनुसार, साक्षात्कार के समय या प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करने की अंतिम तारीख पर दस्तावेज़ों की जांच के लिए मूल दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे — अर्थात्

(क) सभी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, डिग्री, अंकसूची;

(ख) कार्यरत छात्रों के मामले में, नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र अपेक्षित है जिसमें स्पष्ट रूप से नियोक्ता की अनुज्ञा का उल्लेख करते हुए उसे विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की गई हो; और

(ग) अंतिम अर्हक परीक्षा और विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के वर्ष के बीच के अंतर के मामले में, अभ्यर्थी को मध्यवर्ती की अवधि के दौरान नियुक्ति हेतु एक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

(12) छात्र के नाम को विश्वविद्यालय के नामावली से हटा दिया जाएगा यदि यह पता चलता है कि एक अभ्यर्थी ने भ्रामक या मिथ्या बयान दिया है या मिथ्या या मिथ्या जानकारी दी है या प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य कपटपूर्ण उपाय किया है, तो उसका नाम विश्वविद्यालय के नामावली से हटा दिया जाएगा।

(13) एक व्यक्ति, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय के नामावली से निष्कासित,विवर्जित, बर्खास्त या हटा दिया गया हो,वह विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होगा।

(14) कोई भी अभ्यर्थी अधिकार रूप में प्रवेश का दावा करने का हकदार नहीं होगा और विश्वविद्यालय बिना किसी कारण बताए किसी भी मामले में प्रवेश नहीं देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

174. कुलपति के अधिकारिता की स्वीकृति की घोषणा—प्रवेश के समय, प्रत्येक छात्र को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करना अपेक्षित होगा कि वह स्वयं को विश्वविद्यालय के कुलपति और अन्य अधिकारियों के समक्ष अनुशासनात्मक अधिकारिता में प्रस्तुत करता है।

175. छात्रों का निवास स्थान —विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त छात्र या तो छात्रावास का सदस्य होगा, परंतु अनुज्ञा दी गई हो, या एक अध्येता।

176. स्थानांतरण या प्रवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना —अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र को प्रवेश की तारीख से तीस दिनों के भीतर मूल रूप से स्थानांतरण प्रमाण पत्र या माइग्रेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा,ऐसा नहीं करने पर उसका प्रवेश रद्द किया जा सकता है।

177. एकल सामान्य आवेदन पत्र—विश्वविद्यालय के पास एक विशेष स्तर पर अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक ही साधारण आवेदन पत्र होगा अर्थात जो कि स्नातक स्तर पर अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों के लिए एक ही सामान्य प्रारूप होगा, स्नातकोत्तर अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों के लिए एक ही सामान्य प्रारूप होगा और अनुसंधान डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी एक सामान्य प्रारूप होगा।

178. प्रवेश के दौरान कार्यक्रमों का विकल्प — प्रवेश के लिए एक आवेदक को आवेदन पत्र में उसकी वरीयता के क्रम में अध्ययन के लिए उसकी विकल्प का संकेत होगा, और उसके बाद, चयन के मानदंडों के प्राप्तांकके आधार पर आवेदकों द्वारा दी गई वरीयता के अनुसार, कड़ाई से योग्यता के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा।

179. विश्वविद्यालय प्रोस्पेक्टस — (1) विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अपने प्रोस्पेक्टस को प्रकाशित करेगा

(2) प्रॉस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट और राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा।

(3) अकादमिक परिषद् की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद् द्वारा प्रोस्पेक्टस और आवेदन फीस का मूल्य विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) प्रॉस्पेक्टस की सामग्री को अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित किया जाएगा और इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, अर्थात् —

(क) शैक्षणिक परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट अध्ययन के पाठ्यक्रम की न्यूनतम और अधिकतम अवधि;

(ख) शैक्षणिक वर्ष में अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदित प्रवेश या स्थानों की संख्या और आवेदन की शुरुआत और अंतिम तारीख सहित प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं;

(ग) प्रवेश के लिए जारी तारीख और समय तथा प्रवेश फोरम की रसीद सहित आवेदन पत्र जारी करने और प्राप्त करने की प्रक्रिया;

(घ) पात्रता की शर्तें, जिसमें एक विहित पाठ्यक्रम में एक छात्र के रूप में प्रवेश के लिए न्यूनतम विहित शैक्षणिक अर्हता और न्यूनतम और अधिकतम आयु-सीमा शामिल है, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

(ङ) इस तरह के प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले योग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश और चयन, अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऐसे अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए परीक्षण या परीक्षा के कथन के संबंध में सभी प्रासंगिक जानकारी सहित और प्रवेश परीक्षा के लिए भुगतान की जाने वाली फीस की राशि की प्रक्रिया;

(च) अध्ययन के एक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय में भर्ती छात्रों द्वारा देय फीस, जमा और अन्य फीस के प्रत्येक घटक, और ऐसे भुगतान के अन्य नियम और शर्तें;

(छ) शिक्षण फीस और अन्य शुल्कों का प्रतिशत, जो छात्र द्वारा विश्वविद्यालय में दाखिल किए गए छात्र के वापस आने से पहले या अध्ययन के समय और भीतर पूरा होने के बाद, और इस तरह से उस छात्र को वापस किया जाएगा, जिस तरीके से विश्वविद्यालय में भर्ती कराया जाता है।

(ज) शिक्षण संकाय का कथन, जिसमें उसके शिक्षण संकाय के प्रत्येक सदस्य की शैक्षिक अर्हता और शिक्षण अनुभव शामिल है और इसमें यह भी संकेत दिया गया है कि क्या ऐसे सदस्य नियमित रूप से कार्यरत हैं या सदस्य के रूप में हैं;

(झ) छात्रावास, पुस्तकालय और अस्पताल या उद्योग सहित भौतिक और शैक्षणिक बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी, जिसमें छात्रों को प्रदान किया जाने वाला व्यावहारिक प्रशिक्षण और विशेष रूप से संस्थान में भर्ती होने पर छात्रों द्वारा सुलभ सुविधाएं शामिल हैं;

(ञ) अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए विनिर्दिष्ट पाठ्यक्रम की व्यापक रूपरेखा, जिसमें शिक्षण घंटे, व्यावहारिक सत्र और अन्य कार्य शामिल हैं;और

(ट) विश्वविद्यालय के परिसर के भीतर या बाहर छात्रों द्वारा अनुशासन बनाए रखने के संबंध में सभी सुसंगत निर्देश, किसी भी छात्र या छात्रों की रैगिंग के निषेध से संबंधित उपाबंध सहित.

180. प्रवेश में आरक्षण — (1) विश्वविद्यालय प्रवेश में स्थानों के आरक्षण के मामले में केंद्रीय सरकार के लागू विधिकों का अनुपालन करेगा।

(2) विश्वविद्यालय संबंधित छात्रों के लिए प्रवेश के लिए स्थानों को आरक्षित करेगा —

(i) अनुसूचित जाति	-	15.0 प्रतिशत
(ii) अनुसूचित जनजाति	-	07.5 प्रतिशत
(iii) अन्य पिछड़ा वर्ग	-	27.0 प्रतिशत
(iv) अक्षम व्यक्ति	-	5.00 प्रतिशत।
		(हर प्रवर्ग में स्थानों अर्थात सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग - गैर नवोन्नत वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति)
(v) आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग	–	10.0 प्रतिशत;

(3) आरक्षित प्रवर्गों के अंतर्गत प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश की शर्तों को पूरा करना अपेक्षित होगा।

(4) आरक्षित वर्ग में एक अभ्यर्थी का आवेदन पत्र जिला सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति या जनजाति या गैर-क्रीमी नवोन्नत वर्ग के प्रमाण पत्र के साथ जमा किया जाना चाहिए और अपेक्षित प्रमाण पत्र के बिना प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार किया जाएगा।

(5) यदि आरक्षित वर्ग का कोई अभ्यर्थी सामान्य प्रवर्ग में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त करता है तो उसे सामान्य प्रवर्ग का अभ्यर्थी समझा जाएगा।

(6) यदि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो स्थानों अनुसूचित जाति और इसके विपर्ययेन में उपयुक्त अभ्यर्थियों द्वारा भरी जा सकती हैं।

(7) अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम पात्रता की शर्तें, जिसमें प्रवेश के लिए योग्यता, आयु-सीमा और छूट,

यदि कोई हो, को विद्या परिषद् द्वारा निर्धारित किया जाएगा और प्रत्येक वर्ष प्रोस्पेक्टस में अधिसूचित किया जाएगा।

(8) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और विकलांग वर्ग के व्यक्ति के मामले में न्यूनतम अर्हता अंक में अधिकतम पाँच प्रतिशत तक छूट दी जाएगी।

(9) प्रवेश के लिए अंतिम चयन निम्नानुसार निर्धारित समग्र प्राप्तांक की गुणागुण के आधार पर किया जाएगा —

क्रम संख्या	समग्र प्राप्तांकों के विभिन्न घटकों का महत्व			
	घटक	स्नातकपूर्व	स्नातकोत्तर	अनुसंधान डिग्री
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	प्रवेश परीक्षा में अभिप्राप्त अंक यथा लागू	50%	50%	50%
2	10 वीं में अंक की प्रतिशतता	20%	10%	10%
3	10+2वीं में अंक का प्रतिशत	30%	10%	10%
4	स्नातक पूर्व डिग्री में अंक का प्रतिशत	लागू नहीं	30%	10%
5	स्नातकोत्तर डिग्री में अंक का प्रतिशतता	लागू नहीं	लागू नहीं	10%
6	व्यक्तिगत साक्षात्कार और समूह चर्चा	लागू नहीं	लागू नहीं	10%
कुल		100%	100%	100%

181. अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम के लिए प्रवेश मानदंड— (1) जिन अभ्यर्थियों ने कनिष्ठ अनुसंधान छात्रवृद्धि परीक्षा या राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा से छूट दी जाएगी।

(2) प्राप्तांक की गणना करने के प्रयोजन के लिए, एक अभ्यर्थी जिसने कनिष्ठ अनुसंधान छात्रवृद्धि परीक्षा उत्तीर्ण की है, उसे प्रवेश परीक्षा में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए समझा जाएगा और अभ्यर्थी जिसने अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम में योग्यता प्राप्त की हो और वह अभ्यर्थी जिसने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा को एक अनुसंधान डिग्री प्रोग्राम के लिए वर्ष की प्रवेश परीक्षा के सर्वोच्च व्यक्ति द्वारा प्राप्त अंकों के बराबर अंक समझा जाएगा।

(3) परंतु कि प्रवेश के लिए न्यूनतम पात्रता शर्तों की पूर्ति करने पर, एक शिक्षक जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षक अनुसंधान पात्रता परीक्षा से सम्मानित किया गया है और उच्च शिक्षा के किसी भी संस्थान में सेवारत है, को अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम के प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने की अनिवार्यता से छूट दी जाएगी और उन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के बराबर समझा जाएगा।

(4) शिक्षण या अनुसंधान के पेशे में पहले से सेवारत एक व्यक्ति को एक शोध डिग्री कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने की अनिवार्यता से छूट दी जाएगी और उन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के बराबर समझा जाएगा ---जो कि निम्नलिखित शर्तों के अधीन है, अर्थात

(क) उन्हें शोध डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम पात्रता शर्त पूरी करनी होगी;

(ख) वह राज्य या केंद्रीय विश्वविद्यालय या सरकार या सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालय या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान या सरकारी अनुसंधान संस्थान या प्रयोगशाला में कम से कम दस वर्षों के लिए नियमित आधार पर व्याख्याता या सहायक आचार्य या सह आचार्य या आचार्य या समतूल्य पद पर काम कर रहा है।

(ग) शोध डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उनके आवेदन को वर्तमान नियोक्ता द्वारा विधिवत अग्रेषित किया गया है कि उसे पूर्णकालिक आधार पर अध्ययन के लिए छुट्टी दी जाएगी; और

(घ) खंड (क), (ख) या (ग) के उपाबंधों के होते हुए भी, विभाग, विद्यापरिषद् के अनुमोदन के साथ, अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए कोई भी अलग मानदंड या परीक्षण अपना सकेगा।

182. अधिसंख्य स्थानों के माध्यम से प्रवेश —

(1) सभी पाठ्यक्रमों के लिए कुल स्थानों का पंद्रह प्रतिशत अधिसंख्य स्थानों के रूप में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों तथा भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के वर्ग में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए आशित है।

(2) पंद्रह फीसदी अधिसंख्य स्थानों में से विदेशी नागरिकों को अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर ध्यान देने के लिए खाड़ी में भारतीय कामगारों के बालकों के लिए एक-तिहाई स्थानों में निर्धारित की जाएंगी।

(3) विदेशी नागरिक, अनिवासी भारतीय अथवा भारतीय मूल के विदेशी नागरिक वर्ग के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय की किसी एकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने की अपेक्षा नहीं की गई है किंतु उनसे प्रवेश की न्यूनतम अहर्ता शर्तें पूरी किए जाने तथा विश्वविद्यालय की विवरण पुस्तिका में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विनिर्दिष्ट किए जाने वाली शैक्षणिक अभिक्षमता परीक्षा अथवा स्नातक प्रबन्धन प्रवेश परीक्षा अथवा स्नातक रिकॉर्ड परीक्षा अथवा विदेशी भाषा के रूप में अंग्रेजी ज्ञान परीक्षा जैसी अंतराष्ट्रीय स्वीकार्य अभिक्षमता परीक्षा भी उत्तीर्ण करने अपेक्षा की गई है।

(4) उप-खंड (1) में उल्लिखित प्रवर्गों के अभ्यर्थियों को प्रवेश उनके पिछले शैक्षणिक रिकार्डों और उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त अंक,जिस पर उन्हें उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड के प्रति पचास प्रतिशत महत्व दिया जाएगा एवं आवेदन में उल्लेख अनुसार अंतर्राष्ट्रीय रूप से संचालित योग्यता परीक्षाओं में प्रदर्शन के प्रति पचास प्रतिशत महत्व दिया जाएगा।

(5) अधिसंख्य स्थानों के कोटा पर प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के कार्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट एक वर्ष पूर्व ही परंतु बाद की तारीख में नहीं,अपना आवेदन विनिर्दिष्ट प्रपत्र पर, सभी अपेक्षित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों के साथ, प्रोस्पेक्टस में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार, विश्वविद्यालय के कार्यालय में अग्रिम रूप से प्रस्तुत करना होगा।

(6) प्रवेश के लिए आवेदन सभी अपेक्षित दस्तावेजों की सत्यापित या प्रमाणित प्रतियों के साथ संबंधित विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाना चाहिए

(7) विदेशी नागरिकों या अनिवासी भारतीयों या प्रवासी भारतीय प्रवर्ग के अंतर्गत प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को फीस और अन्य प्रभार अपनी प्रवर्ग के अनुसार और फीस संरचना से संबंधित अध्यादेश में और प्रास्पेक्टस में अधिसूचित करने के लिए अपेक्षित है।

(8) प्रवेश की तारीख से एक सप्ताह के भीतर विदेशी राष्ट्रिकों या भारतीय नागरिक प्रवर्ग के अंतर्गत भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों को एक चिकित्सा परीक्षण (मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु-उपार्जित प्रतिरक्षी अपूर्णता सहलक्षण या एड्सके लिए परीक्षण सहित) कराना अपेक्षित है।

(9) विदेशी नागरिकों या अनिवासी भारतीयों या प्रवासी भारतीय प्रवर्ग के अंतर्गत भर्ती किए गए अभ्यर्थियों को शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले,प्रवेश के पूरा होने की एक महीने के भीतर छात्र वीजा का प्रस्तुत करना अपेक्षित है, और विदेशी छात्रों के सलाहकार के कार्यालय में इसकी प्रति प्रस्तुत करनी होगी, नहीं करने पर उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।

183. परीक्षा नियंत्रक की भूमिका — (1) परीक्षा नियंत्रक प्रशासन, आचरण और संभारण के लिए उत्तरदायी होगा, जिसमें संबंधित पाठ्यक्रमों या कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा की योग्यता के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों की गोपनीयता और संभारतंत्र और अनुरक्षण की सूची में शामिल है।

(2) परीक्षा नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व भी होगा कि -

(i) छात्रों के प्रवेश के संबंध में परिनियम, संविधि एवं अध्यादेश के उपाबंधों को कड़ाई से अनुसरण करने का सुनिश्चय करना;

(ii) विवरण पुस्तिका के निर्माण के लिए समन्वय करना तथा वेबसाइट पर इसका प्रकाशन करना;

(iii) प्रवेश प्रारूप जारी किए जाने की तारीख आवेदन प्रारूप प्राप्त करने की अंतिम तारीख के साथ प्रवेश की अधिसूचना जारी करना;

(iv) रोल नम्बर एवं प्रवेश कार्ड आबंटित करने के साथ साथ प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदन फार्मों की प्राप्ति, सत्यापन एवं संबंधित प्रक्रिया करना;

(v) प्रवेश परीक्षा से संबंधित संभार-तंत्र एवं संचालन की देखरेख करना;

(vi) परीक्षा पत्र तैयार करने, मूल्यांकन, कोड प्रदानकर्ता तथा डिकोडकर्ता की सेवाएं प्राप्त करने के लिए कुलपति से अनुमोदन प्राप्त करना तथा कुलपति द्वारा अनुमोदित विशेषज्ञों के पैनल से उत्तर स्क्रिप्ट को कोड युक्त करवाना एवं विशेषज्ञों के पैनल द्वारा इसे डिकोड किया जाने की व्यवस्था करना;

(vii) विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन किए गए अभ्यर्थियों की सूची संयुक्त प्राप्तांकों की योग्यता के आधार पर तैयार करना;

(viii) प्रतिक्षित सूची के साथ साथ चयनित उम्मीवारों की सूची अधिसूचित करना तथा प्रवेश औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए फीस स्लिप जारी करना; तथा

(ix) प्रवेश किए गए अभ्यर्थियों को रजस्ट्रीकरण नम्बर आबंटित करना तथा अध्ययन के लिए प्रवेश किए गए अभ्यर्थियों के नाम विद्याध्ययन के संकाय एवं संबंधित विभाग प्रमुख को अग्रेषित करना;

3 प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परीक्षा तथा प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा चयन मापदंडों के विभिन्न घटकों में प्राप्त किए गए

अंकों का सत्यापन एवं सारणी तैयार का निर्माण एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने एवं चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रम में अध्ययन प्रवेश की सूचना देने के कार्य नियंत्रक द्वारा किए जाने हैं।

184. प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र– प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र पाठ्यक्रम, व्यापित एवं अकादमिक परिषद् तथा कथन पुस्तिका के विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित विभिन्न घटकों की भारिता के अनुसार अकादमिक परिषद् द्वारा तैयार किए जाने हैं।

185. प्रवेश समिति— (1) प्रत्येक विद्यालय में संबंधित विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष की अध्यक्षता के स्तर पर विद्यालय के प्रत्येक विभाग के प्रमुख तथा कुलपति द्वारा सदस्यता के लिए नामित दो व्यक्तियों से युक्त प्रवेश समिति का गठन किया जाना है।

(2) प्रवेश समिति, यदि आवश्यक हो, द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुख की अध्यक्षता, संकायाध्यक्ष के एक नामनिर्देशिती, संबंधित विभाग के अधिक से अधिक दो संकाय सदस्यों तथा कुलपति के एक नामिति से युक्त प्रवेश साक्षात्कार समिति का गठन किया जा सकेगा।

(3) प्रवेश समिति द्वारा चयनित सूची में डाले गए अभ्यर्थियों के लिए समूह चर्चा अथवा वैयक्तिक साक्षात्कार, अर्हता तथा पूर्व परीक्षाओं के लिए अपेक्षित अंकों का सत्यापन किया जाएगा तथा प्रवेश समिति के अध्यक्ष द्वारा परीक्षा नियंत्रक को प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा समूह चर्चा अथवा वैयक्तिक साक्षात्कार तथा अर्हता के लिए अपेक्षित पूर्व परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के उल्लेख के साथ अभ्यर्थियों की सूची भिजवाई जाएगी।

भाग II

अध्ययन के पाठ्यक्रम

186. अध्ययन के पाठ्यक्रम - संस्थान में उपाधियाँ, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम और कार्यक्रम का अध्ययन उपाबंध 5 के अनुसार होगा।

187. पात्रता अंक और सीटें - न्यूनतम पात्रता अपेक्षाओं और आवंटित स्थानों में दिए गए अंकों का प्रतिशत समय-समय पर अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

188. न्यूनतम पात्रता अपेक्षाएँ- विश्वविद्यालय द्वारा तय डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र के लिए न्यूनतम अपेक्षित पात्रता को मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों, संस्थानों या बोर्डों से होगा।

भाग III

फीस और अन्य प्रभार

189. फीस और अन्य प्रभार— (1) अध्ययन के कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त छात्रों को अनुबंध V के अनुसार फीस का संदाय करना होगा।

(2) अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में भर्ती आवेदकों और छात्रों द्वारा देय फीस और अन्य फीस विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित प्रवेश विवरणिका और प्रोस्पेक्टस में विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

(3) एक छात्र निर्धारित किए गए फीस का भुगतान करने के बाद ही अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रवेश करेगा।

190. विलंब और भुगतान में चूक के लिए नियत तारीख और शास्ति- 1. अर्धवार्षिक कार्यक्रम के लिए फीस और अन्य फीस, अर्द्धवार्षिक कार्यक्रम के शुरू होने के समय या विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख से पहले या उससे पहले छात्रों द्वारा भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

(2) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित फीस, प्रवेश के समय समग्र रूप में या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार देनी होगी और किश्तों में भुगतान की अनुज्ञा नहीं होगी।

(3) यदि कोई छात्र समय पर फीस का भुगतान नहीं करता है, तो वह निम्नानुसार जुर्माना देना होगा—

(i) पहले दस दिनों के लिए कुल फीस का दस प्रतिशत;

(ii) उप-खण्ड (i) में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के बाद अगले दस दिन के लिए कुल फीस का पंद्रह प्रतिशत; और

(iii) उप-खण्ड (ii) में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के बाद अगले दस दिन के लिए कुल फीस का बीस प्रतिशत।

(4) यदि कोई छात्र फीस के लिए विहित अंतिम तारीख से दस दिनों के भीतर अपनी फीस का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसे त्रुटिकर्ता समझा जाएगा और उसका नाम विश्वविद्यालय के नामावली से हटा दिया जाएगा।

(5) यदि प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थी को अधिसूचित समय सीमा के भीतर अपेक्षित प्रवेश फीस जमा करने में विफल रहता है, तो उसका चयन स्वतः रद्द कर दिया जाएगा और स्थान योग्यता के अनुसार एक अभ्यर्थी को दी जाएगी।

191. फीस के भुगतान में विलंब या शिथिल के लिए माफी— (1) छात्र स्कूल के संकायाध्यक्ष को फीस के भुगतान में हो रही देरी के

लिए क्षमादान हेतु आवेदन करेगा और विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष छात्र के आवेदन पत्र सहित अपनी सिफारिशों के साथ कुलपति के पास इसे भेजेगा एवं कुलपति विशेष मामलों में इसे क्षमा कर सकते हैं।

(2) छात्र विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष को फीस के भुगतान में हो रही विलंब के लिए रियायात के लिए आवेदन करेगा और स्कूल के संकायाध्यक्ष छात्र के आवेदन पत्र सहित अपनी सिफारिशों के साथ कुलपति के पास इसे भेजेगा एवं कुलपति विशेष मामलों में इसे रियायात प्रदान कर सकते हैं।

192. चूककर्ता हेतु पुन:प्रवेश—समय पर फीस का भुगतान नहीं करने के कारण छात्र जिसका नाम विश्वविद्यालय के नामावली से हटा दिया गया है,संबंधित स्कूल के संकायाध्यक्ष की सिफारिश पर एवं विश्वविद्यालय द्वारा तय किए गए पुन: प्रवेश फीस के साथ, पूर्ण और अन्य देय फीस में बकाया के भुगतान पर फिर से प्रवेश दिया जा सकता है।

परंतु विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट न्यूनतम उपस्थिति की अपेक्षा को पूरा करने वाले छात्र को उसी सेमेस्टर के भीतर पुन: प्रवेश के लिए अनुरोध प्राप्त हो।

193. प्रवेश का प्रतिदाय —एक छात्र विश्वविद्यालय से प्रतिदाय लेने का प्रस्ताव करता है, उसे विभाग के प्रमुख के माध्यम से संबंधित स्कूल के संकायाध्यक्ष को अग्रिम रूप से एक लिखित आवेदन प्रतिदाय की तारीख को सूचित करते हुए प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा,ऐसा नहीं करने पर सेमेस्टर की अवधि के लिए विश्वविद्यालय के नामावली में नाम जारी रहेगा और तदनुसार पूरे सेमेस्टर के लिए विनिर्दिष्ट फीस का भुगतान करना होगा।

194. अध्ययन के पाठ्यक्रमों में परिवर्तन- प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद छात्र यदि अपना पाठ्यक्रम बदलना चाहता है तो उसे संबंधित विधियों अथवा अध्यादेशों के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा इसकी अनुज्ञा प्रदान की जा सकती है, तथापि उसे विनिर्दिष्ट तारीख तक अंतर फीस का भुगतान करना होगा।

195. दिव्यांग छात्रों के लिए फीस में रियायत.- केंद्रीय सरकार द्वारा जारी निर्देशों अथवा दिशानिर्देशों के क्रम में दिव्यांग छात्रों को शिक्षण फीस के भुगतान से छूट दी जा सकती है।

196. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं कश्मीरी प्रवासी प्रवर्गों के लिए फीस में छूट.- अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, कश्मीरी प्रवासी प्रवर्गों एवं अन्य प्रवर्ग के छात्रों के लिए फीस में भुगतान केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों अथवा दिशानिर्देशों के अनुसार होगी।

197.प्रवेश प्रतिद्याय अथवा रद्द होने के मामले में फीस वापसी.- यदि कोई छात्र, फीस का भुगतान करने के बाद अपना प्रवेश रद्द करना चाहता है तो वह नामतः निम्नलिखित शर्तों के अधीन फीस वापसी का हकदार होगा:-

(क) प्रवेश वापसी अथवा रद्दकरण की मांग करने वाले छात्र को संबंधित विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष को लिखित में आवेदन करना होगा;

(ख) यदि कोई छात्र प्रवेश वापसी अथवा रद्दकरण के लिए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने लेकिन प्रवेश की अंतिम तारीख से पहले आवेदन जमा करता है तो उसे प्रक्रमण फीस के तौर पर एक हजार रूपये के कटौती के बाद फीस की शेष धनराशि वापस की जाएगी;

(ग) यदि कोई छात्र प्रवेश वापसी अथवा रद्दकरण के लिए, प्रवेश की अंतिम तारीख के बाद आवेदन जमा करता है तथा इसके परिणामस्वरूप खाली हुई सीट प्रतीक्षा सूची के छात्र के प्रवेश से भरी न जा सके तो छात्र को सुरक्षा जमा राशि का वापस भुगतान किया जाएगा;

(घ) यदि छात्र के द्वारा कारित किसी नुकसान के कारण छात्र पर विश्वविद्यालय के प्रति किसी धनराशि की देनदारी रहती है तो इस धनराशि को शिक्षण फीस तथा जुर्माने की राशि यदि कोई हो तो उसे छात्र को देय सुरक्षा जमाराशि से वसूल किया जाएगा;

(ङ) विश्वविद्यालय को छोड़ने पर छात्र के आवेदन पर, उसके द्वारा सभी बकाया,जुर्माने और अन्य दावों की कटौती के बाद उसे सुरक्षा जमाराशि वापसी योग्य है;

(च) यदि छात्र द्वारा विश्वविद्यालय छोड़ने पर वह उसके खाते में पड़ी हुई राशि को प्राप्त करने हेतु एक कैलेडंर वर्ष तक आवेदन नहीं करता है तो यह मान लिया जाएगा कि उसने यह धनराशि छात्रों की सहायता राशि में दान कर दी है।

स्पष्टीकरण.- इस खंड के प्रयोजनों के लिए, एक कैलेडंर वर्ष की समयावधि की गणना छात्र द्वारा दी गई परीक्षा के परिणामों की घोषणा की तारीख अथवा उस तारीख से जिस दिन उसका नाम विश्वविद्यालय के नामांकन पंजिका से काटा गया था से समझा जाएगा।

198. परीक्षाओं से विवर्जन.- किसी भी छात्र को तब तक परीक्षा में नहीं अनुज्ञात किया जाएगा जब तक कि उसने अपने सभी फ़ीसों का भुगतान न कर दिया हो व सभी बकाया राशियों का भुगतान न कर दिया हो।

भाग IV

परीक्षाओं का संचालन

199. परीक्षाओं के संचालन से संबंधी सामान्य नियम — (1)विश्वविद्यालय अपने परिसर में ही सभी परीक्षाओं (अध्ययन के विभिन्न

पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाओं को छोड़कर) का आयोजन करेगा।

(2) परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा की तारीख तैयार करेगा और परीक्षा आरंभ होने से कम से कम अट्ठाईस दिन पहले सभी विभागाध्यक्षों को प्रेषित करेगा।

(3) विभागाध्यक्ष अपने विभाग के अंतर्गत पाठ्यक्रमों में सभी परीक्षाओं के लिए विभाग अधीक्षक के रूप में कार्य करेगा, जिसमें मध्यावधि और सेमेस्टर-अंत की परीक्षाएँ शामिल हैं।

(4) विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्यों के मध्य से अधीक्षण फीस की व्यवस्था करने और परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

200. अनुदेश और परीक्षा का माध्यम — (1) विद्यालयों द्वारा दिए गए अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी में होगा।

(2) सभी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र अंग्रेजी में सेट है और अंग्रेजी में उत्तर दिए जाएंगे।

201. परीक्षा प्रणाली — (1) विश्वविद्यालय के अध्ययन के पाठ्यक्रम सेमेस्टर मोड में आयोजित किए जाएंगे।

(2) छात्रों के आंतरिक आंकलन और मूल्यांकन की एक व्यापक प्रणाली स्थापित की जाएगी एवं नए पाठ्यक्रम शुभारंभ किए जाएंगे।

(3) विभाग, किसी विशेष पाठ्यक्रम की प्रकृति और आवश्यकताओं के आधार पर, विभिन्न परीक्षाओं के लिए अलग-अलग घटकों और महत्व को विनिर्दिष्ट कर सकते हैं।

(4) परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों में उत्तर देने के लिए एक निश्चित अवधि होगी, इसके लिए दिए गए अंकों के महत्व के अनुपात में और नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाने के बाद खंडों में विभाजित किया जाएगा।

202. प्रश्न-पत्र सेटिंग दिशानिर्देश — (1) पेपर सेटर यह सुनिश्चित करेगा कि मध्य अवधि के प्रश्न पत्र में सेमेस्टर के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम की कुल पाठ्यक्रम सामग्री का पचास प्रतिशत शामिल है, जबकि सेमेस्टर के अंतिम परीक्षा प्रश्न पत्र में कुल पाठ्यक्रम सामग्री शामिल है।

1 पेपर सेटर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में मध्यावधि परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र सेट करेगा.

(2) शिक्षक संबंधित विषय के प्रश्न पत्र की पर्याप्त संख्या बनायेगा और उसे संबंधित परीक्षा शुरू होने से कम से कम तीन दिन पहले, विभागाध्यक्ष को सीलबंद कवर में सौंप देगा। विभागाध्यक्ष और संबंधित संकाय सदस्य परीक्षा आयोजित करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

(3) परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों के बीच वितरित होने तक प्रश्न पत्र की सामग्री को अधिकारियों द्वारा सख्त गोपनीयता के तहत रखा जाना चाहिए;

(4) प्रश्न पत्र की समीक्षा के लिए एक तंत्र रखा जाएगा, जिसमें प्रश्न पत्र में संशोधनों के संबंध में एक विनिर्दिष्ट समिति द्वारा प्रतिक्रिया को पेपर सेटर को सूचित किया जाए।

(5) परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों के मध्य वितरित होने तक अधिकारियों द्वारा उन्हें संभालते हुए प्रश्न पत्र की सामाग्री को सख्त गोपनियता के तहत रखा जाएगा;

(6) प्रश्न पत्र की समीक्षा के लिए एक तंत्र रखा जाएगा, जिसमें कागज में संशोधनों संबंधी एक विनिर्दिष्ट समिति से प्रतिक्रिया को पेपर सेटर को सूचित किया जाएगा।

203. उत्तर-पुस्तक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन दिशानिर्देश. —

(1) संबंधित संकाय सदस्यों का यह कर्तव्य होगा कि वे सभी असाइनमेंट, क्विज़ और मध्यावधि परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें और छात्रों को इन परीक्षा की तारीख के एक सप्ताह के भीतर लौटाएँ और छात्रों को दिए गए अंक या ग्रेड संबंधित विभाग के प्रमुख को प्रस्तुत करें।

(2) पेपर सेटर विभाग के प्रमुख को पुनर्मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा के प्रस्ताव के लिए प्रश्न पत्र में प्रश्नों की उत्तर कुंजी को अलग-अलग सील कवर में प्रस्तुत करेगा।

(3) विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर परीक्षा नियंत्रक किसी विशेष विषय की उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ की नियुक्ति करेगा।

(4) उत्तर पुस्तिका को पेपर सेटर द्वारा प्रस्तुत उत्तर कुंजी के संदर्भ में पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा और स्वतंत्र विशेषज्ञ द्वारा दिए गए अंक या ग्रेड को अंतिम समझा जाएगा।

a. अनुशासनहीनता की घटनाओं पर नियंत्रण और परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग—(1) किसी भी परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए गए लोगों के लिए अनुचित साधनों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है और अनुशासनात्मक कार्रवाई को आमंत्रित करता है।

(2) इस खंड के प्रयोजनों के लिए, परीक्षा से संबंधित अनुचित साधन निम्नलिखित होंगे---

(i) परीक्षा को स्थगित करने और तारीख और परीक्षाओं के समय में बदलाव के लिए दबाव, जबरदस्ती और अनुचित प्रभाव डालना;

(ii) निरीक्षक को डराना या अन्य अवज्ञा पूर्ण व्यवहार जिसे निरीक्षक या विभाग अधीक्षक द्वारा सूचित कर्ता है;

(iii) परीक्षकों, पेपर सेटरों, मूल्यांकनकर्ताओं, पर्यवेक्षकों, सह-परीक्षकों या विश्वविद्यालय के किसी भी अन्य अधिकारी या कर्मचारियों से अनुग्रह करने या धमकी देने के लिए;

(iv) ऐसी पद्धति का सहारा लेना और उन गतिविधियों में शामिल होना जो परीक्षा के दौरान विशेष रूप से निषिद्ध हैं

(v) परीक्षा के विषय से संबंधित किसी भी प्रकार की सामग्री लाना जिसमें सेल फ़ोन या इलेक्ट्रॉनिक सहायता शामिल हैं, जब तक कि अन्यथा परीक्षा के एक उपकरण के रूप में अनुज्ञा नहीं दी जाती है, या परीक्षा भवन में या उसके बाहर अन्य व्यक्तियों या स्वयं लायी सामग्री से नकल करने या नकल का प्रयास करना;

(vi) नोट्स का आदान-प्रदान करना, उत्तर-पुस्तिकाओं को बदलना, अन्य परीक्षार्थियों की सहायता करना, परीक्षा बड़ा कमरा के अंदर या बाहर अन्य परीक्षार्थियों या किसी अन्य व्यक्ति से सलाह लेना या सहायता करना;

(vii) परीक्षा के दौरान नकल करना, उत्तरपुस्तिका में कुछ अन्य अभ्यर्थी के रजस्ट्रीकरण नंबर लिखना या उत्तर-पुस्तिकाओं या अन्य सामग्रियों के आदान-प्रदान या आदान-प्रदान करने का प्रयास करना;

(viii) परीक्षार्थी की अनुमति के बिना परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को आवंटित सीट के अलावा अन्य स्थानों पर बैठना या ग्रहण करना;या

(ix) परीक्षा का बहिष्कार करना या परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी करना

(3) परीक्षा में अनुचित साधनों के कथित उपयोग के प्रत्येक मामले में सबूत के पूर्ण कथन और संबंधित अभ्यर्थी के बयान के साथ, यदि कोई हो, तो प्रयोजन के लिए परीक्षा नियंत्रक द्वारा दिए गए प्रपत्रों पर विभाग के अधीक्षक बिना किसी देरी के परीक्षा नियंत्रक को रिपोर्ट करेंगे।

(4) परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए गए अभ्यर्थी की उत्तर-पुस्तिका जब्त कर ली जाएगी और अभ्यर्थी को उसे जारी की जाने वाली एक अलग उत्तर-पुस्तिका पर अपनी परीक्षा लिखने की अनुज्ञा दी जा सकती है, जिसके बाद विभाग के अधीक्षक दोनों उत्तरपुस्तिका परीक्षा नियंत्रक को अपनी रिपोर्ट के साथ भेजेंगे।

(5) परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग के सभी मामलों को अनुशासनात्मक समिति को भेजा जाएगा।

(6) विभिन्न अनुचित साधनों का उपयोग करने पर दिया जाने वाला शास्ति निम्नलिखित सारणी में है।**सारणी**

अनुचित साधनों की प्रकृति	**दंड का पैमाना**
(क) संबंधित परीक्षा के विषय से संबंधित सामग्री मिलना। (ख) किसी पड़ोसी अथवा पाई गई सामग्री से नकल करते हुए पाया जाना। (ग) उत्तर-पुस्तिका अथवा महत्वपूर्ण सामाग्री की अदला-बदली। (घ) परीक्षा देने की स्थानों में बदलाव। (ड.) अन्य छात्रों की मदद हेतु टाइपिंग। (च) पड़ोसियों से मदद लेते हुए पाया जाना। (छ) अप्राधिकृत इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का उपयोग।	उक्त विषय में परीक्षा रद्द करना
यदि अभ्यर्थी ने दूसरी बार ऊपर (क) से (छ) में दिए गए अनुचित साधनों को दोहराया	उस सत्र में अभ्यर्थी द्वारा रजस्ट्रीकृत परीक्षाओं को रद्द करना

यदि अभ्यर्थी ने तीसरी बार ऊपर (क) से (छ) में दिए गए अनुचित साधनों को दोहराया	उस सत्र में अभ्यर्थी द्वारा रजस्ट्रीकृत सभी विषयों की विश्वविद्यालय परीक्षा को रद्द करना और अगले परीक्षा सत्र (यानी बाद के सत्र में सभी विश्वविद्यालय परीक्षा) से उसे बहिष्कृत करना।
(ज) मुख्य उत्तरपुस्तिका में कुछ अन्य अभ्यर्थियों के रजिस्टर नंबर लिखना।	कथित विषय की परीक्षा रद्द करना।
(झ) पूर्व लिखित उत्तर पुस्तिकाओं (मुख्य पत्र या अतिरिक्त पत्रक) को सम्मिलित करना	उस सत्र में अभ्यर्थी द्वारा रजस्ट्रीकृत सभी विषयों की विश्वविद्यालय परीक्षा को रद्द करना और अगले दो परीक्षा सत्र से उसे बहिष्कृत करना।
(ञ) पर्यवेक्षक को धमकी देना या अधीक्षक या हॉल में अधीक्षक द्वारा रिपोर्ट किया गया अपमानजनक व्यवहार	उस सत्र में अभ्यर्थी द्वारा रजस्ट्रीकृत सभी विषयों की विश्वविद्यालय परीक्षा को रद्द करना और अगले दो परीक्षा सत्र में रजस्ट्रीकरण कराने और परीक्षा देने से उसे बहिष्कृत करना।
(ट) परीक्षा में प्रश्नों का उत्तर देने के लिए पर्यवेक्षक से परामर्श मांगना।	कथित विषय की परीक्षा रद्द करना।
(ठ) प्रतिरूपण के मामले	उस सत्र में अभ्यर्थी द्वारा रजस्ट्रीकृत सभी विषयों की विश्वविद्यालय परीक्षा को रद्द करना और अगले दो परीक्षा सत्र में रजस्ट्रीकरण कराने और परीक्षा देने से उसे बहिष्कृत करना। इसके अलावा, प्रतिरूपण करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रासंगिक कानूनी कार्रवाई शुरू की जा सकती है।
(ड) सामूहिक नकल	क) **एक ही हॉल में:** उस हॉल के छात्रों द्वारा दी गई प्रासंगिक परीक्षा को रद्द करना और संबंधित हॉल अधीक्षक और प्रश्नपत्र सेटिंग, मूल्यांकन आदि जैसे अन्य काम से संबंधित व्यक्तियों को अगले छह परीक्षा सत्रों के लिए बहिष्कृत करना ख) **एक परीक्षा केंद्र में:** उस हॉल के छात्रों द्वारा दी गई सुसंगत परीक्षा को रद्द करना। साथ ही संबंधित हॉल अधीक्षक और प्रश्नपत्र सेटिंग, मूल्यांकन आदि जैसे अन्य काम से संबंधित व्यक्तियों को अगले छह परीक्षा सत्रों के लिए बहिष्कृत करना .
(ढ) कदाचार के प्रयोजन के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करना।	उस सत्र के लिए उस विषय की परीक्षाएँ रद्द करना।

(7) एक परीक्षा केंद्र में बड़े पैमाने पर अनुचित साधनों का उपयोग, उप-कुलपति के पास संबंधित केंद्र में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा को रद्द करने और पुन: परीक्षा के लिए आदेश देने की शक्तियां होंगी।

(8) अनुशासन समिति द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को निर्णय के लिए कुलपति के समक्ष रखा जाएगा।

(9) अनुशासन समिति द्वारा परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने का दोषी पाया गया अभ्यर्थी, निर्णय प्राप्त होने की तारीख से एक महीने के भीतर खंड (8) के तहत कुलपति को लिखित रूप में अपील कर सकता है।

(10) खण्ड (9) के तहत अपील प्राप्त होने पर, कुलपति यदि समाधान हो जाता है कि अभिवेदन पर विचार किया जा सकता है, तो वह मामले को फिर से विचार के लिए अनुशासन समिति के पास वापस भेज सकता है।

205. दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए विशिष्ट उपाबंध – विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश के लिए आवश्यक उपाय करेगा और जब विश्वविद्यालय द्वारा नए पाठ्यक्रम या कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

206. ग्रेडिंग प्रणाली — छात्र का मूल्यांकन ग्रेडिंग प्रणाली से किया जाएगा, जिसे जनता को किया जाएगा।

207. उपस्थिति — (1) अध्ययन के पाठ्यक्रम में भर्ती कराया गया छात्र अध्ययन के दौरान अपने सभी विषयों में सेमेस्टर में पचहत्तर प्रतिशत की न्यूनतम उपस्थिति बनाए रखेगा।

(2) जो छात्र पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति हासिल करने में विफल रहता है, उसे संबंधित विषय में सेमेस्टर-एंड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी और उसे विषय को दोहराना होगा।

(3) जो भी छात्र अध्ययन के दौरान दो बार से अधिक किसी विषय में पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति हासिल करने में असफल रहे तो उस छात्र को रोक लिया जाएगा और ऐसे छात्रों को नए सिरे से प्रवेश लेना होगा और फिर से पूरी प्रवेश प्रक्रिया से गुजरना होगा।

(4) किसी विषय को पढ़ाने वाला शिक्षक उन छात्रों की उपस्थिति का अभिलेख रखेगा, जिन्होंने विषय के लिए रजस्ट्रीकरण किया है और विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक छात्र के मासिक उपस्थिति रिकॉर्ड को प्रदर्शित करेगा।

(5) शिक्षकों को संबंधित विभाग के प्रमुख को, सेमेस्टर में अंतिम अनुदेश दिवस से कम से कम सात कैलेंडर दिन पहले, उन सभी छात्रों के विवरणों से परिचित कराना होगा, जिन्होंने पचहत्तर प्रतिशत से कम उपस्थिति हासिल की है। इसके बाद, विभाग के प्रमुख उन सभी छात्रों के नाम विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेंगे, जो विभिन्न विषयों में सेमेस्टर-एंड परीक्षा देने के लिए पात्र नहीं होंगे और उसी की एक प्रति संबंधित विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष को भेजेंगे।

(6) संबंधित विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष मान्य कारणों से किसी अभ्यर्थी को छूट दे सकते हैं जो न्यूनतम विनिर्दिष्ट पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त करने में विफल रहे हैं परंतु इस तरह की छूट पैंसठ प्रतिशत से कम की उपस्थिति के लिए नहीं दी जाएगी।

अध्याय 13

अन्य विश्वविद्यालयों और प्राधिकारियों के साथ सहयोग और मिलकर कार्य करने के लिए प्रक्रिया, उपलब्ध कराए गए निकायों और संगमों सहित

208. अन्य विश्वविद्यालयों और प्राधिकरणों के साथ सहयोग और मिलकर कार्य करने के लिए प्रक्रिया, उपलब्ध कराए गए निकायों और संगमों सहित — (1) विश्वविद्यालय भारत में या विदेशों में अन्य विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग और मिलकर कार्य कर सकता है,निकाय या संघों सहित।

(2) खंड (1) के तहत सहयोग और साथ मिलकर कार्य, शिक्षण, अनुसंधान और परामर्श को आगे बढ़ाने के प्रयोजन से होगा, जिसका प्रयोजन बेहतर शिक्षण के अवसर, प्रयोगिक अनुभव, सांस्कृतिक संवाद का आदान-प्रदान और अपने संकाय, अनुसंधान विद्वानों और छात्रों को विचारों का आदान-प्रदान करना है।

(3) सहकारिता या सहयोग के प्रयोजन के लिए विश्वविद्यालय भारत या विदेश या प्राधिकारों में किसी भी अन्य विश्वविद्यालय के साथ या विद्वानों या संगमों सहित सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर सकता है।

(4) विश्वविद्यालय को सहयोग और सहकारिता समिति का गठन करना होगा और इसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात-

(क) कुलपति या विद्यालय के एक संकायाध्यक्ष, जिन्हें उप-कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा - अध्यक्ष;

(ख) दो सदस्य जो आचार्य की प्रवर्ग से कम न हो, जिन्हें कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा - सदस्य;

(ग) बाहरी संबंधों के समन्वयक - सदस्य;

(घ) संबंधित विद्यालयों के संकायाध्यक्ष - सदस्य;

(ड.) वित्त अधिकारी - सदस्य ; और

(च) रजिस्ट्रार – सदस्य सचिव

(5) सहकारिता और सहयोग समिति को विश्वविद्यालय द्वारा भारत या विदेश में किसी अन्य विश्वविद्यालय के साथ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राप्त या शुरू किए गए प्रस्तावों की जांच करनी होगी, जिनमें निकाय या संगम शामिल हैं।

(6) सहयोग और सहकारिता समिति प्रस्तावों की जांच करेगी, जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारों और दायित्वों से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा और यह सिफारिश की जाएगी कि क्या सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना विश्वविद्यालय के हित में है।

(7) सहमति पत्र के मसौदे के साथ सहयोग और सहकारिता समिति की सिफारिशों को विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद् और कार्यकारी परिषद् के विचार और अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

(8) सहमति पत्र एक निश्चित अवधि (विश्वविद्यालय द्वारा निर्णीत किया जाना) के लिए होगा और इसकी निरंतरता, विस्तार या समाप्ति के लिए समय-समय पर सहयोग और सहकारिता समिति द्वारा समीक्षा की जाएगी।

अध्याय 14

कर्मचारी और छात्रों की शिकायत निवारण समिति

209. विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित शिकायत निवारण समितियों का गठन करेगा, अर्थात-

1. छात्रों की शिकायत निवारण समिति;

2. शिक्षकों की शिकायत निवारण समिति; तथा

3. गैर-शिक्षण कर्मचारिवृंद शिकायत निवारण समिति।

210. छात्रों की शिकायत निवारण समिति - छात्रों की शिकायत निवारण समिति में निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे, जैसे: -

1. रजिस्ट्रार या ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें कुलपति द्वारा नामित किया गया हो – सदस्य;

2. विद्यार्थी परिषद् का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

3. उप-कुलपति का एक नामांकन - सदस्य;

4. संबंधित विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष - सदस्य; और

5. छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष - सदस्य सचिव।

211. शिक्षकों की शिकायत निवारण समिति - शिक्षकों की शिकायत निवारण समिति का गठन कार्यकारी परिषद् द्वारा किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे: -

(क) कुलपति या उनके प्रतिनिधि - अध्यक्ष;

(ख) लिंग, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग - सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले शिक्षक समुदाय के पांच प्रतिनिधि; और

(ग) कुलपति द्वारा नामित - सचिव

212 गैर-शिक्षण कर्मचारी शिकायत निवारण समिति - गैर-शिक्षण कर्मचारी शिकायत निवारण समिति में निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे, अर्थात्: -

(क) कुलपति या उनके प्रतिनिधि - अध्यक्ष;

(ख) लिंग, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग - सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले गैर-शिक्षण कर्मचारी समुदाय के पांच प्रतिनिधि; तथा

(ग) रजिस्ट्रार या उनके नामित - सदस्य-सचिव।

213. शिकायत निवारण समितियाँ निम्नलिखित साधारण सिद्धांतों का पालन करेंगी, नामतः -

(क) परिसर को शिकायत निवारण तंत्र के बारे में पूरी तरह से अवगत कराया जाएगा;

(ख) किसी भी छात्र या कर्मचारिवृंद सदस्य से प्राप्त हर शिकायत को रजस्ट्रीकृत और स्वीकार किया जाना चाहिए;

(ग) यदि एक पखवाड़े के भीतर अंतिम निर्णय संभव नहीं है, तो आवेदक को संकेत के साथ एक पावती भेजी जाएगी कि कब तक वह अंतिम उत्तर की उम्मीद कर सकता है;

(घ) जहां तक हो सके, सभी शिकायतों को तीन महीने के भीतर निपटाया जाएगा;

(ङ) कुलपति द्वारा नामित अधिकारी और शिकायतों को संबोधित करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति, निश्चित समय पर सप्ताह में कम से कम एक बार व्यक्तिगत रूप से शिकायतों को सुनने के लिए उपलब्ध होगा;

(च) वह उन शिकायतों पर निर्णय लेगा जो तीन महीने से अधिक समय से लंबित हैं; तथा

(छ) कोई भी व्यक्ति जो शिकायत निवारण समिति द्वारा दिये गए निवारण से समाधान नहीं है, ऐसे निर्णय के खिलाफ कुलपति से अपील कर सकता है।

214. शिकायत निवारण समितियों की शक्तियां और कृत्य - शिकायत निवारण समितियां निम्नलिखित कार्य करेंगी -

(क) लिखित और हस्ताक्षरित शिकायतों और व्यक्तिगत रूप से या एक समूह के रूप में उन्हें प्रभावित करने वाले मामलों के संबंध में कर्मचारियों (गैर-शिक्षण) की याचिकाओं पर विचार करना;

(ख) शिकायतों की जांच करना और उपयुक्त कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों और शैक्षणिक परिषद् और कार्यकारी परिषद् को एक रिपोर्ट में सिफारिश करना; और

(ग) यदि शिकायत में लगाए गए आरोप निराधार पाए जाते हैं, तो शिकायतकर्ता के खिलाफ उचित कार्रवाई की सिफारिश करना।

215. निर्वचन - यदि अध्यादेश की व्याख्या से संबंधित कोई प्रश्न उठता है, तो उसे कार्यकारी परिषद् के पास भेजा जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

अनुसूची I

(1)	**1.आचार्य (विमानन विज्ञान पाठ्यक्रम)**
(2)	02 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	स्तर -14 (रु 1,44,200-2,18,200)
(4)	लागू नहीं
(5)	50 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** क. (i) विमानन विज्ञान में विद्या वाचस्पति योग्यता (एं) और उच्च गुणवत्ता का प्रकाशन कार्य, पुस्तक और या शोध या नीति पत्रों के रूप में न्यूनतम 10 प्रकाशनों के साथ प्रकाशित किए गए कार्य के साक्ष्य सहित अनुसंधान में सक्रिय रूप से भाग लिया हो। (ii) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में दस वर्षों के शिक्षण अनुभव सहित सह आचार्य तथा विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों या उद्योगों में शोध में पांच वर्ष का अनुभव हो, जिसमें डॉक्टरेट स्तर पर शोध के लिए अभ्यर्थियों के मार्गदर्शक का अनुभव शामिल हो। (iii) शैक्षणिक नवीनता, नई अध्ययन सूची और पाठ्यक्रमों की रूप-रेखा, और प्रौद्योगिकी हेतु योगदान - शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में मध्यस्थता की हों; तथा (iv) अकादमिक (शैक्षणिक) कार्य निष्पादन संकेतक, कार्य निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली में निर्धारित न्यूनतम अंक हो। जिसे"विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य अकादमिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2016" में विनिर्दिष्ट किया गया है। (v) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) में उत्तीर्ण होना चाहिए। अथवा ख. एक उत्कृष्ट व्यवसृत्तिक, संबंधित क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रतिष्ठा के साथ, जिसने संबंधित या संबद्ध या सुसंगत शाखा (डिसिप्लिन) में ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। जिसकी पुष्टि में प्रमाण पत्र हो।
(7)	आयु: लागू नहीं है। शैक्षणिक अर्हताएँ: हाँ।
(8)	दो वर्ष।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा।
(10)	**<u>प्रतिनियुक्ति</u> :** किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्रीय या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर स्तर

	-14 (रु1,44,200-2,18,200) में सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में निर्धारित विहित अर्हता और अनुभव हो । टिप्पण 1 - प्रतिनियुक्ति की अवधि में अन्य बाह्य-कैडर पद पर तुरंत या उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से पहले हुई प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है । सामान्यतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**2. सह आचार्य (विमानन विज्ञान पाठ्यक्रम)**
(2)	06 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	स्तर -13ए (रु1,31,100-2,16,600)
(4)	लागू नहीं।
(5)	45 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** विमानन विज्ञान में पीएच.डी. तथा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से 55% अंकों(या समकक्ष ग्रेड जहां भी ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाता है) के साथ स्नातकोत्तर डिग्री । (iii) स्तर -10 (रु56,100-1,77,500) में सहायक आचार्य,विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान या उद्योग में शैक्षणिक या अनुसंधान स्तर पर आठ वर्षों का अनुभव हो,यह डॉक्टर विद्या वाचस्पति अनुसंधान की अवधि को छोड़कर होगा, जिसमें प्रकाशित कार्यों के साक्ष्य, पुस्तकों और या शोध या नीति पत्रों के रूप में पांच प्रकाशन शामिल होंगे । (iv) शैक्षणिक नवीनता, नई अध्ययन सूची और पाठ्यक्रमों की रूप-रेखा, और प्रौद्योगिकी हेतु योगदान - शिक्षण सीखने की प्रक्रिया में मध्यस्थता की हो,जिसमें डॉक्टरेट अभ्यर्थियों और शोध करने वाले छात्रों का मार्गदर्शन करने का प्रमाण हो । (v) अकादमिक (शैक्षणिक) कार्य निष्पादन संकेतक,कार्य निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली में निर्धारित न्यूनतम प्राप्तांक हो। जिसे "विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य अकादमिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2016" में विनिर्दिष्ट किया गया है ।
(7)	आयु: लागू नहीं है। शैक्षणिक अर्हताएँ: हाँ।
(8)	दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	**<u>प्रतिनियुक्ति</u> :** किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्रीय या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर स्तर -13ए (रु 1,31,100-2,16,600)में सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में निर्धारित अर्हता और अनुभव हो । टिप्पण 1 - प्रतिनियुक्ति की अवधि में अन्य बाह्य-कैडर पद पर तुरंत या उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से पहले हुई प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है । सामान्यतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।
(1)	**3. सहायक आचार्य (विमानन विज्ञान पाठ्यक्रम)**
(2)	12 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	शैक्षणिक स्तर -10 (रु 56,100-1,77,500)
(4)	अचयन पद
(5)	40 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से 55% अंकों (या समकक्ष ग्रेड जहां भी ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाता है) के साथ स्नातकोत्तर डिग्री,अथवा किसी मान्यताप्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय से समतुल्य डिग्री। (ii) अभ्यर्थी द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् द्वारा आयोजित व्याख्याता या सहायक आचार्य के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की गई हो अथवा समकक्ष परीक्षा जैसे राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा या राज्य पात्रता परीक्षा जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त हो । (iii) तथापि (i) और (ii) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, अभ्यर्थी, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विद्या वाचस्पति डिग्री के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया)विनियम 2009, के अनुसार विद्या वाचस्पति की डिग्री धारक हैं, उन्हें विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या संस्थान में सहायक आचार्य तथा समकक्ष पदों की नियुक्ति एवं भर्ती के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तर की पात्रता परीक्षा या राज्य पात्रता परीक्षा की न्यूनतम पात्रता शर्त से छूट होगी । (iv) ऐसे विषयों (डिसिप्लिन) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तर पात्रता परीक्षा या राज्य पात्रता परीक्षा भी अपेक्षित नहीं होगी, जिसके लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा या राज्य स्तर पात्रता परीक्षा या राज्य पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं की जाती ।
(7)	लागू नहीं (अचयन पद)।
(8)	दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	**<u>प्रतिनियुक्ति:</u>** किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्रीय या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर स्तर --10 (रु56,100-1,77,500) में सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में विनिर्दिष्ट योग्यता और अनुभव हो । टिप्पण 1 - प्रतिनियुक्ति की अवधि में अन्य बाह्य-कैडर पद पर तुरंत या उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से पहले हुई प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है। सामान्यतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**4. आचार्य (प्रबंधन या कारोबार प्रशासन पाठ्यक्रम)**
(2)	02

	* (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	स्तर -14 (रु1,44,200-2,18,200)
(4)	प्रोन्नति के मामले में चयन पद; सीधी भर्ती के लिए लागू नहीं।
(5)	50 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** (i) व्यवसाय प्रबंधन या प्रशासन में या संबन्धित विषय में मास्टर डिग्री में 55% अंक (या जहां भी ग्रेडिंग सिस्टम का पालन किया जाता है, उसके समकक्ष ग्रेड) अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त प्रबंधन में दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा में 55% अंक। अथवा संबंधित कानूनी निकाय की स्नातक चार्टर्ड अकाउंटेंट या लागत अकाउंटेंट या कंपनी सचिव की स्नातक। (ii) भारतीय प्रबंधन संस्थान या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थान अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित विद्या वाचस्पति अथवा फेलो। (iii) शिक्षण या अनुसंधान में कम से कम दस वर्ष का अनुभव,जिसमें से पांच वर्ष रीडर या सहायक आचार्य के स्तर पर या स्तर 10 (रु 56,100-1,77,500) के समकक्ष अनुभव हो, इसमें अनुसंधान की डिग्री प्राप्त करने हेतु व्यतीत की गई अवधि शामिल नहीं होगी। अथवा यदि अभ्यर्थी उद्योग और व्यावसायिक से संबन्धित है तो,निम्नलिखित अपेक्षाओं को अनिवार्य अपेक्षाओं के रूप में समझा जाएगा :- व्यवसाय प्रबंधन या प्रशासन में या प्रासंगिक प्रबंधन से संबन्धित विषय में मास्टर डिग्री या भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त 55% अंकसहित प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अथवा संबंधित वैधानिक निकाय की चार्टर्ड अकाउंटेंट या लागत अकाउंटेंट या कंपनी सचिव की स्नातक। शिक्षण या अनुसंधान अथवा व्यवसाय में कम से कम दस वर्ष का अनुभव,जिसमें से पांच वर्ष रीडर या सहायक आचार्य के स्तर पर या स्तर 10(रु 56,100-1,77,500) के समकक्ष अनुभव हो, इसमें अनुसंधान की डिग्री प्राप्त करने हेतु व्यतीत की गई अवधि शामिल नहीं होगी। **वांछनीय अर्हता –** (क) परियोजना कार्य के मार्गदर्शन या शोध प्रबंधन में स्नातकोत्तर या शोध छात्रों के शोध निबंध या उद्योग में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करने का पांच वर्ष का अनुभव। (ख) शैक्षणिक, अनुसंधान, औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों की योजना बनाने और आयोजन में नेतृत्व का प्रदर्शन; और (ग) प्रायोजित अनुसंधान और विकास परामर्श और संबंधित गतिविधियों को शुरू करने या नेतृत्व करने की क्षमता।
(7)	आयु: लागू नहीं। शैक्षणिक अर्हताएं: हाँ।
(8)	दो वर्ष।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा।

(10)	<u>प्रतिनियुक्ति</u> : किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्र या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर स्तर - 14 (रु1,44,200-2,18,200) में सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में विहित अर्हता और अनुभव हो। टिप्पण 1 - प्रतिनियुक्ति की अवधि में अन्य बाह्य-कैडर पद पर तुरंत या उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से पहले हुईप्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है। सामान्यतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**5. सह आचार्य (प्रबंधन या कारोबार प्रशासन पाठ्यक्रम)**
(2)	06 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	स्तर- 13 ए (रु1,31,100-2,16,600)
(4)	लागू नहीं।
(5)	45 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** (i) व्यवसाय प्रबंधन या प्रशासन में या प्रासंगिक प्रबंधन से संबन्धित विषय में मास्टर डिग्री या भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त प्रबंधन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा में 55% अंक। अथवा संबंधित कानूनी निकाय की चार्टर्ड अकाउंटेंट या लागत अकाउंटेंट या कंपनी सचिव की उपाधि। (ii) भारतीय प्रबंधन संस्थान या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थान अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित विद्या वाचस्पति अथवा फेलो। (iii) स्तर 10(रु 56,100-1,77,500) में शिक्षण या उद्योग या अनुसंधान या प्रबंधकीय स्तर पर व्यावसायिक स्तर में आठ वर्षों की नियमित सेवा सहित सहायक आचार्य, जिसमें अनुसंधान की डिग्री प्राप्त करने हेतु व्यतीत की गई अवधि शामिल नहीं होगी। अथवा यदि अभ्यर्थी उद्योग और व्यावसायिक से संबन्धित है तो, निम्नलिखित अपेक्षाओं को अनिवार्य अपेक्षाओं के रूप में समझा जाएगा :- व्यवसाय प्रबंधन या प्रशासन में या प्रासंगिक प्रबंधन से संबन्धित विषय में मास्टर डिग्री या भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त प्रबंधन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा में 55% अंक। अथवा संबंधित वैधानिक निकाय की चार्टर्ड अकाउंटेंट या लागत अकाउंटेंट या कंपनी सचिव की उपाधि। 2. शिक्षण या अनुसंधान में कम से कम दस वर्ष का अनुभव,जिसमें से पांच वर्ष उपाचार्य या सहायक आचार्य के स्तर पर या स्तर 10(रु 56,100-1,77,500) के समकक्ष अनुभव हो, इसमें अनुसंधान की डिग्री प्राप्त करने हेतु व्यतीत की गई

	अवधि शामिल नहीं होगी । अभ्यर्थी को उद्योग या व्यवसाय में दस वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव के समकक्ष व्यावसायिक कार्य का अनुभव होना चाहिए, जिसमें कम से कम पांच वर्ष व्याख्याता या सहायक आचार्य के तुलनात्मक स्तर पर अनुभव हो । **वांछनीय अर्हता –** (क) कम से कम पांच प्रकाशित कार्य, जैसे शोध पत्र, पेटेंट दायर या प्राप्त, पुस्तकें और या तकनीकी रिपोर्टें; तथा (ख) परियोजना कार्य के मार्गदर्शन या शोध प्रबंधन में स्नातकोत्तर या शोध छात्रों या उद्योग में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करने का पांच वर्ष का अनुभव ।
(7)	आयु: लागू नहीं । शैक्षणिक अर्हताएं: हाँ।
(8)	दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	<u>प्रतिनियुक्ति</u> : किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्र या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर स्तर -13ए (रु 1,31,100-2,16,600) में सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में विनिर्दिष्ट अर्हता और अनुभव हो । टिप्पण 1 - प्रतिनियुक्ति की अवधि में अन्य बाह्य-कैडर पद पर तुरंत या उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से पहले हुई प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है। सामान्यतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**6. सहायक आचार्य (प्रबंधन या कारोबार प्रशासन पाठ्यक्रम)**
(2)	12 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	शैक्षणिक स्तर -10 (रु56,100-1,77,500)
(4)	अचयन पद
(5)	40 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** (i) व्यवसाय प्रबंधन या प्रशासन में या प्रासंगिक प्रबंधन से संबन्धित विषय में मास्टर डिग्री या भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा समकक्ष घोषित या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा । अथवा संबंधित वैधानिक निकाय की चार्टर्ड अकाउंटेंट या लागत अकाउंटेंट या कंपनी सचिव की स्नातक। (i) स्तर 9 (53,100-1,67,800)में मान्यताप्राप्त संगठन में शिक्षण, अनुसंधान, औद्योगिक और कारोबार में पांच वर्ष की नियमित सेवा

	(ii) सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए और या संदर्भित जर्नल में प्रकाशित किए गए दो पेपर ।
(7)	लागू नहीं ।
(8)	दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	<u>प्रतिनियुक्ति</u> : किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्र या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर स्तर – 10 (रु56,100-1,77,500)में सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में विनिर्दिष्ट योग्यता और अनुभव हो । टिप्पण 1 - प्रतिनियुक्ति की अवधि में अन्य बाह्य-कैडर पद पर तुरंत या उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्रीय सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से पहले हुई प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है । सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**7. आचार्य (इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम)**
(2)	02 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	स्तर -14 (रु1,44,200-2,18,200)
(4)	लागू नहीं।
(5)	50वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हताएं:** स्तर 10 (रु 56,100-1,77,500) के वेतन इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की उपयुक्त ब्रांच में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या मास्टर डिग्री सहित विद्या वाचस्पति की डिग्री, तथा शिक्षण, अनुसंधान और उद्योग में दस वर्षों का अनुभव जिसमें मैट्रिक्स में कम से कम 5 वर्ष सहायक आचार्य या रीडर के स्तर पर या समकक्ष ग्रेड में अनुभव हो। अथवा यदि अभ्यर्थी उद्योग और व्यावसायिक से संबन्धित है तो,निम्नलिखित अपेक्षाओं को अनिवार्य अपेक्षाओं के रूप में समझा जाएगा :- (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की उपयुक्त ब्रांच में स्नातकोत्तर डिग्री। (ii) स्तर 10 (रु 56,100-1,77,500) के वेतन मैट्रिक्स में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की उपयुक्त ब्रांच में महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्यों, और औद्योगिक या व्यावसायिक में दस वर्षों का अनुभव, जिसमें कम से कम 5 वर्ष सहायक आचार्य या रीडर के स्तर पर या समकक्ष ग्रेड में अनुभव हो। <u>वांछनीय अर्हताएं–</u> (i) पांच प्रकाशित कार्य, जैसे शोध पत्र, फाइल या प्राप्त किया गया पेटेंट, पुस्तकें और या तकनीकी रिपोर्टें। (ii) परियोजना कार्य का मार्गदर्शन या स्नातकोत्तर या शोध छात्रों के शोध निबंध या उद्योग में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करने का पांच वर्ष का अनुभव ;
(7)	आयु : लागू नहीं ।

(8)	सीधी भर्ती के मामले में दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, ऐसा करने में असफल होने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	<u>प्रतिनियुक्ति</u> : स्तर -14 (रु1,44,200-2,18,200) में किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्रीय या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में विनिर्दिष्ट योग्यता और अनुभव हो । टिप्पण 1 – प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि है इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अट्ठावन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**8. सह-आचार्य (इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम)**
(2)	06 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	सुतर-13ए (रु1,31,100-2,16,600)
(4)	लागू नहीं।
(5)	45वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हता:** (i) स्तर 10 (रु 56,100-1,77,500) के वेतन मैट्रिक्स में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की उपयुक्त ब्रांच में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में स्नातक या मास्टर डिग्री सहित विद्या वाचस्पति की डिग्री, तथा शिक्षण, अनुसंधान और उद्योग में, अनुसंधान डिग्री प्राप्त करने के लिए व्यतीत की गई अवधि को छोड़कर, व्याख्याता के स्तर पर या समकक्ष ग्रेड में आठ वर्षों का अनुभव। अथवा यदि अभ्यर्थी उद्योग और व्यावसायिक से संबन्धित है तो,निम्नलिखित अपेक्षाओं को अनिवार्य अपेक्षाओं के रूप में माना जाएगा :- (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की उपयुक्त ब्रांच में स्नातकोत्तर डिग्री। (ii) स्तर 10 (रु 56,100-1,77,500) के वेतन मैट्रिक्स में इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की उपयुक्त ब्रांच में महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्यों, और औद्योगिक या व्यावसायिक में व्याख्याता के स्तर के समकक्ष ग्रेड में आठ वर्षों का अनुभव । <u>वांछनीय</u> **अर्हता –** उपरोक्त पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना,निम्नलिखित शर्तों को वांछनीय माना जाएगा :- (i) मान्यताप्राप्त संगठन में शिक्षण, अनुसंधान औद्योगिक और या व्यावसायिक अनुभव। (ii) प्रकाशित कार्य, जैसे शोध पत्र, फाइल या प्राप्त किया गया पेटेंट, पुस्तकें और या तकनीकी रिपोर्टें। (iii) परियोजना कार्य के मार्गदर्शन या स्नातकोत्तर या शोध छात्रों के शोध निबंध या उद्योग में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करने का अनुभव ;

(7)	आयु : लागू नहीं । शैक्षणिक योग्यताएँ: हाँ।
(8)	दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	<u>प्रतिनियुक्ति</u> : स्तर -13ए (रु 1,31,100-2,16,600) में किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्रीय या राज्य सरकार के उपक्रम में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो, और स्तंभ (6) में विहित अर्हता और अनुभव हो । टिप्पण 1- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि है इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाहय पद पर प्रतिनियुक्त की अवधि है साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

(1)	**9. सहायक आचार्य (इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम)**
(2)	12 * (2020) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।
(3)	स्तर-10 (रु 56,100-1,77,500)
(4)	अचयन पद।
(5)	40 वर्ष
(6	**आवश्यक अर्हताएं**: इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री; राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिए। (i) मान्यताप्राप्त संगठन में शिक्षण, अनुसंधान औद्योगिक और या व्यावसायिक अनुभव। (ii) सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए और या संदर्भित जर्नल में प्रकाशित किए गए पाँच पेपर ।
(7)	लागू नहीं (अचयन पद)।
(8)	दो वर्ष ।
(9)	सीधी भर्ती, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)	<u>प्रतिनियुक्ति</u> : विद्वान (scholar) किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों या केंद्रीय या राज्य सरकार के उपक्रमों में नियमित आधार पर सदृश पद पर हो तथा स्तंभ (6) में विहित अर्हता और अनुभव रखता हो। टिप्पण 1- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि है इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाहय पद पर प्रतिनियुक्त की अवधि है साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

	टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।
(11)	लागू नहीं।
(12)	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

अनुसूची II

(1)	**पद का नाम**	**1. रजिस्ट्रार**
(2)	**पदों की संख्या**	01 *(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।
(3)	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर**	स्तर-14 (रु1,44,200-2,18,200)
(4)	**क्या चयन पद है अथवा अचयन पद है**	लागू नहीं
(5)	**सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा**	50 वर्ष
(6)	**सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं**	**आवश्यक अर्हता:** (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री अथवा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अच्छे अकादमिक रिकॉर्ड सहित, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में ग्रेड बी में सात-पाइंट स्केल या इसके समकक्ष। (ii) स्तर -11 (67,700-2,08,700) में पन्द्रह वर्षों की नियमित सेवा सहित अकादमिक स्तर में सहायक आचार्य अथवा किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, अनुसंधान प्रतिष्ठान और उच्चतर शिक्षा के अन्य मान्यताप्राप्त संस्थान में आठ वर्षों की नियमित सेवा सहित स्तर-12 (78,800-2,09,200) में अकादमिक में सह आचार्य। अथवा वेतन-मैट्रिक्स में स्तर-12 (78,800-2,09,200) में पंद्रह वर्ष का प्रशासनिक अनुभव, जिसमें से आठ वर्ष उप-रजिस्ट्रार के रूप में या इसके समकक्ष पद पर कार्य किया हो। **वांछनीय अर्हता और अनुभव:** (i) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी। (ii) प्रशासनिक कार्यों, मानव संसाधन प्रबंधन, वैधानिक कार्यों और विश्वविद्यालयों या अनुसंधान और विकास संस्थानों की अकादमिक गतिविधियों और कानूनी मामलों को संभालने का पांच वर्ष का अनुभव।
(7)	**सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षणिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी।**	लागू नहीं।
(8)	**परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।**	एक वर्ष।

(9)	**भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।**	पांच वर्ष की अवधि के लिए कार्यकाल के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
(10)		**<u>प्रतिनियुक्ति:</u>** ऐसे व्यक्तियों, जिन्होंने किसी भी केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग या सरकारी संगठन में सदृश पद पर कार्य किया हो अथवा स्तर -13 (1,23,100-2,15,900) के वेतन मैट्रिक्स में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो और स्तंभ (6) में निर्धारित योग्यता और अनुभव हो । टिप्पण 1- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि है इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाहय पद पर प्रतिनियुक्त की अवधि है साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। टिप्पण 2 - प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
(11)	**यदि विभागीय प्रोन्नति या चयन / पुष्टिकरण समिति विद्यमान है, तो इसकी संरचना?**	**निम्नलिखित से मिलकर बनने वाली चयन / पुष्टिकरण समिति -** 1. कार्यकारी परिषद् द्वारा नाम निर्दिष्ट दो सदस्य; 2. कार्यकारी परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति जो विश्व विद्यालय की सेवा म न हो
(12)	**भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।**	संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श किया जाना आवश्यक नहीं है।

(1)	**2. वित्त अधिकारी**
(2)	01 *(2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है
(3)	स्तर -14 (रु1,44,200-2,18,200)
(4)	लागू नहीं
(5)	50 वर्ष
(6)	**आवश्यक अर्हता:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री अथवा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अच्छे अकादमिक रिकॉर्ड सहित, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में ग्रेड बी का सात-पाइंट स्केल या इसके समकक्ष । (ii) स्तर-11 (67,700-2,08,700) में पन्द्रह वर्षों की नियमित सेवा सहित अकादमिक में सहायक आचार्य अथवा किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, अनुसंधान प्रतिष्ठान और उच्चतर शिक्षा के अन्य मान्यताप्राप्त संस्थान में आठ वर्षों की नियमित सेवा सहित स्तर-12 (78,800-2,09,200) में अकादमिक में सह आचार्य । अथवा वेतन-मैट्रिक्स में स्तर-12 (78,800-2, 09,200) में पंद्रह वर्ष का प्रशासनिक अनुभव, जिसमें से आठ वर्ष उप रजिस्ट्रार के रूप में या इसके समकक्ष पद पर कार्य किया हो ।

	वांछनीय अर्हता और अनुभव: (i) लेखांकन की प्रोद्भवन (accrual) जैसी आधुनिक वित्तीय प्रबंधन तकनीकों में अनुभव सहित वित्त प्रबंधन में मास्टर डिग्री अथवा विश्वविद्यालयों या उच्चतर शिक्षा संस्थानों में प्रबंधन कार्यों में इसका उपयोग करने की जानकारी हो । (ii) चार्टेड एकाउंट अथवा भारत के लागत एकाउंट संस्थान या मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त)। (iii) केंद्रीय विश्वविद्यालयों, अनुसंधान और विकास संस्थानों के नियमों और विनियमों या लेखा परीक्षा, सेवा शर्तों और संबंधित वित्तीय मामलों के कामकाज का अच्छा कार्यसाधक ज्ञान। (iv) स्वायत्त संस्थानों या राज्य सरकार या केंद्रीय सरकार में लेखा प्रणालियों के प्रबंधन में पांच वर्ष का अनुभव।
(7)	लागू नहीं।
(8)	एक वर्ष
(9)	पांच वर्ष की अवधि के लिए कार्यकाल के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।
